भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

26 मार्च - 1 अप्रैल, 2025

फाल्गुन, पक्ष - कृष्ण, तिथि - द्वादशी, संवत 2081 पृष्ठ : 8+2 जयपुर, बुधवार वर्ष-11, अंक-4, मूल्य ₹ 5/- वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-

चैत्र नवरात्र की हार्दिक शुभकामनाएँ

jagrukjanta.net

OSWAL SOAP GROUP SINCE ओसवाल 1956

हर रिश्ते का रखे ख्याल...

69 वर्षों का विश्वास



## ओसवाल सोप ग्रुप

### नाम ही है भरोसे की पहचान

**69 वर्षों से ओसवाल सोप ग्रुप** हर कदम पर दे रहा है आपका साथ,
रखकर आपकी हर जरुरत का खास ख्याल....

**आपके पशुओं के लिए सर्वोत्तम आहार नीरवी पशु आहार**

**नेचुरल ऑयल से बना ओसवाल सोप, कपड़ों और हाथों को रखे कोमल सालों - साल**









ज्यादा सफाई | कपडो की देखभाल | कम पानी मे घुलाई | त्वचा का पूरा ख्याल | अखाद्य तेल से बना | वर्षों का विश्वास

**Disclaimer:** Brand ambassadors represent different product categories of M/s Uttam Chand Des Raj (Oswal Soap Group). Mr. Anupam Kher endorses Pashu Ahaar, and Mr. Paresh Rawal endorses Oswal Soap Products. Their joint appearance is promotional, not a shared endorsement.

ओसवाल रिटेल शॉप्स की जानकारी के लिए स्कैन करें

Oswal
ओसवाल सोप ग्रुप

अधिक जानकारी के लिए
+91 91161 71956
+91 96802 01956
पर कॉल करें

विपणन : उत्तम चन्द देसराज

अब घर बैठे मँगवाये ओसवाल उत्पाद
OswalSoap.com पर जाएं या स्कैन करें और **ओसवाल ऐप** डाउनलोड करें
GET IT ON Google Play

नकली माल से सावधान

जागरूक जनता
ऑन लाइन पढ़ने के लिए स्कैन करें
ई-पेपर व अन्य खबरें देखें
jagrukjanta.net

## जयपुर-अजमेर हाईवे पर भांकरोटा में नवनिर्मित फ्लाईओवर शुरू

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**जयपुर।** जयपुर-अजमेर हाईवे पर भांकरोटा में नवनिर्मित फ्लाईओवर मंगलवार से यातायात के लिए खोल दिया गया हैं। नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ह्यह्व) इस फ्लाईओवर को आमजन के लिए खोल दिया है। भांकरोटा फ्लाईओवर पर यातायात शुरू होने के साथ ही लोगों को हाईवे पर लग रहे लंबे जाम से बड़ी राहत मिलना शुरू हो गई है। हाईवे पर पहले निर्माणाधीन फ्लाईओवर के पास ट्रैफिक सिग्नल होने के कारण लोगों को कई बार घंटों तक जाम का सामना करना पड़ता था। गौरतलब है कि जयपुर-किशनगढ़ हाईवे देश के सबसे व्यस्त हाईवे में से एक माना जाता है। करीब 90 किलोमीटर लंबे इस हाईवे पर रोजाना लाखों की संख्या में वाहनों की आवाजाही रहती है। हाईवे पर बीच-बीच में कई कट होने के कारण हादसों की हर दम आशंका बनी रहती थी।

एनएचएआई ने पिछले 4 साल में इस जयपुर-अजमेर हाईवे पर 9 फ्लाईओवर (हीरापुरा, नरसिंहपुरा, दहमीकलां, महलां, गाडोता, मोखमपुरा, सावरदा, पाडासोली, बांदर सिंदरी) बनाए हैं। वहीं अब भांकरोटा फ्लाईओवर का काम पूरा होने के बाद इस रूट के सभी 10 ब्लैक स्पॉट्स बंद करने की कार्रवाई शुरू की गई है।

गौरतलब है कि पिछले साल दिसंबर में भांकरोटा में ही गैस टैंकर और ट्रक भिड़ंत होने पर करीब 20 से ज्यादा लोगों की दर्दनाक मौत के हादसे ने लोगों को झंकझोर दिया था। हादसे के पीछे उक्त फ्लाईओवर के निर्माण में हो रही देरी को भी जिम्मेदार माना जा रहा था।

संयुक्त राष्ट्र विकास लक्ष्यः 'एक सामूहिक जिम्मेदारी' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

# आईपीएल में जितने रन बनेंगे, उतने लगाये जायेंगे पौधे-देवल

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान वानिकी एवं वन्यजीव प्रशिक्षण संस्थान की निदेशक शैलजा देवल ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा वर्ष 2030 तक गरीबी, भुखमरी और जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौतियों को कम करने के लिए 17 सतत विकास लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। इन लक्ष्यों को हमें समय से पहले पूर्ण करना होगा जिसमें हम आने वाली पीढ़ी के बेहतर भविष्य का सृजन कर सकेंगे।

शैलजा देवल के मुख्य आतिथ्य में राजस्थान वानिकी एवं वन्यजीव प्रशिक्षण संस्थान एवं कनोडिया महिला महाविद्यालय, जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में "सतत विकास लक्ष्यः एक सामूहिक जिम्मेदारी" विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन मंगलवार को महाविद्यालय के में किया गया। देवल ने कहा कि सतत विकास लक्ष्य के 55 मानक हैं, जो 5 स्तंभों पीपुल, प्लेनेट, प्रोस्पेरिटी, पीस और पार्टनरशिप का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने कहा कि 5पी के माध्यम से गरीबी, भुखमरी, जलवायु परिवर्तन, लैंगिक समानता को कम करने और सतत विकास करने के के लिए मिलकर काम करना होगा।



### सतत विकास लक्ष्य

इस कार्यक्रम के दौरान आरएफडब्ल्यूटीआई निदेशक ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा गरीबी का अंत, भूख को समाप्त करना, स्वास्थ्य और कल्याण सुनिश्चित करना, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना, लैंगिक समानता प्राप्त करना, स्वच्छ जल और स्वच्छता सुनिश्चित करना, सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा प्रदान करना, आर्थिक विकास को बढ़ावा देना, असमानता को कम करना, शहरों को टिकाऊ बनाना, जलवायु परिवर्तन से निपटना, समुद्र और भूमि की रक्षा करना, शांति और न्याय सुनिश्चित करना, और भागीदारी और साधन सुनिश्चित करने के लिए सतत विकास के 17 लक्ष्य निर्धारित किये गए है।

### इस बार होगा ग्रीन आईपीएल

इस दौरान युवा मामले एवं खेल विभाग के शासन सचिव डॉ. नीरज के. पवन ने कहा कि इस बार ग्रीन आईपीएल होगा । जयपुर में आईपीएल के मैचों में जितने रन बनेंगे, हम उतने पौधे स्टेडियम परिसर में लगाएंगे। इस दौरान जो सेलिब्रिटी प्रदेश में आएंगे, उनसे "एक पेड़ माँ के नाम" भी पौधे लगवाये जाएंगे। महाविद्यालय निदेशक डॉ. रश्मि चतुर्वेदी ने कहा कि सतत विकास के लिये आवश्यक है कि मानव मन के लालच पर नियंत्रण रखें और प्रकृति से तालमेल रखें। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने कहा कि 17 सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिये सभी की सहभागिता आवश्यक है।

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी रही विधाधर नगर विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर

# मैं क्षेत्र के समग्र विकास को लेकर प्रतिबद्ध-दीया कुमारी

### भाजपा मंडल अध्यक्ष के निवास पर कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

### चिकित्सा शिवर और प्रयास प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net



**जयपुर।** उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी विधाधर नगर विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहीं, इस दौरान उन्होंने भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश अग्रवाल के निवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगो से मुलाकात की और संगठनात्मक एवं क्षेत्र के विकास के संबंध में चर्चा की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास को लेकर मैं प्रतिबद्ध, विधाधर नगर का करेंगे चहुमुखी विकास।

### उप मुख्यमंत्री ने चिकित्सा शिविर का किया उद्घाटन

उप मुख्यमंत्री ने राजेश कालानी फाउंडेशन द्वारा श्री माहेश्वरी समाज जनोपयोगी भवन, सेक्टर 2 में आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर का उद्घाटन किया। जिसमें कई लोगों ने भाग लिया और निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। उन्होंने फाउंडेशन के मुख्य ट्रस्टी सुरेश कालानी तथा फाउंडर ट्रस्टी शांति लाल जागेटीया का अभिनंदन करते हुए कहा कि आपके द्वारा पिछले लगातार 11 वर्षों से चिकित्सा सेवा शिविर के माध्यम से कई लोगो को चिकित्सा सुविधा मिली हैं। कोरोना महामारी के कठिन समय में भी मेगा शिविरों के माध्यम से लोगों को चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि आपका यह प्रयास समाज के प्रति ज़िम्मेदारी, संवेदना और सहयोग की भावना को जाग्रत करता है। यह निःशुल्क चिकित्सा शिविर मानव सेवा का बड़ा कार्य हैं।


### उप मुख्यमंत्री ने किया प्रयास प्रदर्शनी का उद्घाटन

जागृति फाउंडेशन की फाउंडर व वार्ड नं. 21 की पार्षद प्रियंका अग्रवाल द्वारा आयोजित दो दिवसीय 'प्रयास' प्रदर्शनी का उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी जी ने फीता काट कर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए महिलाओं को आत्मनिर्भर होना बहुत जरुरी हैं। छोटे-छोटे प्रयासों से महिलाओं ने बहुत बड़ा कार्य कर दिखाया हैं। इस दौरान उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन कर महिलाओं के कार्यों की सराहना की। फाउंडेशन के सलाहकार घनश्याम लक्षकार ने उपमुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

# पंचग्रही योग में हाथी पर विराजमान होकर आएंगी मां दुर्गा किंतु इस बार हिंदू नववर्ष पर सूर्य करेंगे राज

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**जयपुर।** हर साल चैत्र महीने के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से चैत्र नवरात्रि की शुरुआत होती है। इस साल रविवार को नवरात्रि प्रारंभ होने के कारण मां दुर्गा हाथी पर विराजमान होकर आएंगी, जो समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से नवरात्र की शुरुआत होती है। इस बार 30 मार्च रविवार को शुरू होने वाले चैत्र नवरात्र व हिंदू नववर्ष के राजा और मंत्री सूर्य हैं। समापन छह अप्रैल को कन्या पूजन व हवन के साथ किया जाएगा। इस वर्ष माता दुर्गा का आगमन और प्रस्थान दोनों ही गज (हाथी) पर सवार होकर हो रहा है। जो अत्यंत शुभ समृद्धि व लक्ष्मी का प्रतीक है। आचार्य अक्षय शास्त्री के अनुसार इसमें जय योग, रवि योग और सर्वार्थ सिद्ध योग का पंचग्रही संयोग अत्यंत शुभ बन रहा है। काशी



पंचांग के अनुसार पंचमी तिथि की हानि हो रही तो ब्रज पंचांग के अनुसार तृतीया तिथि का क्षय हो रहा है। ऐसे में इस बार नवरात्र आठ दिन के ही होंगे।

### कलश स्थापना मुहूर्त

**चैत्र** नवरात्रि के पहले दिन कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त सुबह 6 बजकर 13 मिनट से 10 बजकर 22 मिनट तक रहने वाला है। इस दौरान आप कलश स्थापना कर सकते हैं। अभिजित मुहूर्त सुबह 11.59 से दोपहर 12:49 तक है। इस दौरान कुल 4 घंटे और 40 मिनट के 2 मुहूर्त रहेंगे। श्री साकेत पंचांग के अनुसार चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से जहां नवरात्रि की शुरुआत होती है। वहीं इस दिन हिंदी नव वर्ष यानी संवत्सर भी बदल जाता है। इस बार का संवत्सर 2082 होगा और इसका नाम भी सिद्धार्थी संवत होगा। सबसे विशेष बात तो यह है कि इस बार इस वर्ष के राजा और मंत्री भी भुवन भास्कर सूर्य देव है। श्री साकेत पंचांग बूंदी के सम्पादक पंडित जगदीश प्रसाद शर्मा के मुताबिक नव संवत् और नवरात्र के पहले दिन ही मीन राशि में सूर्य देव के साथ चंद्रमा, शनि, बुध, राहु एक साथ विद्यमान रहेंगे। जिससे पंचग्रही योग का निर्माण होता है। साथ ही इस दिन बुधादित्य और मालव्य राजयोग भी बना रहे हैं। आठ दिन के नवरात्रि के महापर्व के दौरान चार दिन रवि योग तथा तीन दिन सर्वार्थ सिद्धि योग का संयोग रहेगा। माता के हाथी पर सवार होकर आना बहुत ही शुभ माना जा रहा है। क्योंकि हाथी को सुख-समृद्धि और शांति का प्रतीक माना जाता है।

## गौ सेवा ही सबसे बड़ा धर्म-तिवाड़ी



**जयपुर @ जागरूक जनता।** "श्रीमद्भागवत कथा के समापन अवसर पर भव्य गौ सेवा और गऊ पूजन कार्यक्रम सुरभि गौशाला, रायसिंह बास में आयोजन किया गया। कथा वाचक चंद्रप्रकाश शास्त्री के सान्निध्य में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य यजमान महेंद्र मोहन तिवाड़ी और इंद्रा देवी तिवाड़ी द्वारा गऊ पूजन एवं सवामणि की गई। इस अवसर पर गौ माता को हरा चारा, गुड़ और लापसी खिलाई गई। ब्राह्मण समाज राजस्थान जिलाध्यक्ष भुवनेश तिवाड़ी ने बताया कि गाय में 33 कोटी देवी-देवताओं वास होने के कारण इसकी सेवा को सबसे बड़ा धर्म माना जाता है। इस दौरान कार्यक्रम में समाजसेवी गोपाल शर्मा, नगेंद्र वशिष्ठ, काशीनाथ शर्मा, कैप्टन श्रीराम शर्मा, ओम प्रकाश रीडर, डॉ पवन कुमार तिवाडी एवं अरुण कुमार पांडे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## श्री झूलेलालजी की शोभायात्रा 29 को



**जयपुर @ जागरूक जनता।** भगवान श्री झूलेलाल चेटीचण्ड सिंधी मेला समिति ग्रेटर महानगर की ओर से सिंधी समाज के आराध्य भगवान झूलेलाल जी का जन्मोत्सव चेटीचंड के रूप में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। समिति संयोजक शंकर सेवानी व श्याम कोरानी ने बताया कि 29 मार्च को दोपहर 2 बजे चेटीचण्ड महोत्सव के तहत भगवान झूलेलाल जी की तृतीय विशाल शोभायात्रा शाही लवाजमे के साथ धूमधाम से यहां वरुण पथ स्थित भगवान झूलेलाल मंदिर से रवाना होगी। शोभायात्रा को गुरु मां डॉ. निर्मला सेवानी हरी झण्डी दिखाकर रवाना करेंगी। कार्यक्रम का मकसद सिंधी समाज एकता के साथ सामाजिक कुरीतियां को दूर करने और महिलाओं में शिक्षा को बढ़ावा देना भी है ताकि सिंधी समाज की संस्कृति को अक्षुण्ण बनाया जा सके। समिति पदाधिकारियों ने भगवान श्री झूलेलालजी की शोभायात्रा के पोस्टर का विमोचन भी किया। शोभायात्रा वरुण पथ से किरण पथ, रजत पथ, हीरा पथ, वीटी रोड, पटेल मार्ग, विजय पथ, थड़ी मार्केट, झूलेलाल चौक, अग्रवाल फार्म से होते हुए बाबा रामदेव मंदिर सेक्टर-11, जोन-115 पर समाप्त होगी। समिति अध्यक्ष शंकर दुलानी ने बताया कि शोभायात्रा में झांकियां बाजे, सिंधी शहनाई, बहिराणा साहिब, हाथी, घोड़े समेत करीब 35 झांकियां शामिल होंगी।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा बैठक संपन्न

# देशभर में चलेगा 'सर्वस्पर्शी, सर्वव्यापी' अभियान

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तीन दिवसीय अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की तीन दिवसीय बैठक जनसेवा विद्या केंद्र, चन्नेनहल्ली, बेंगलुरु में सम्पन्न हुई। इसमें देशभर से 1482 कार्यकर्ता शामिल हुए। इसमें संघ की ओर से देशभर में 'सर्वस्पर्शी, सर्वव्यापी' अभियान चलाने के निर्णय के साथ ही बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हुए अत्याचारों को लेकर प्रस्ताव पारित किया गया।

राजस्थान क्षेत्र के संघचालक डॉ. रमेश अग्रवाल ने भारती भवन में पत्रकारों को बताया कि प्रतिनिधि सभा में संगठनात्मक कार्यों का विश्लेषण, विकास, प्रभाव और समाज परिवर्तन पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि संघ ने गत 100 वर्षों में कार्य के विस्तार और सुदृढ़ीकरण पर ध्यान केंद्रित किया है। वर्तमान देशभर में 51570 स्थानों पर प्रतिदिन कुल 83129 शाखाएं संचालित की जाती हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 10 हजार से अधिक हैं। साप्ताहिक मिलन में पिछले वर्ष की तुलना में 4430 की वृद्धि के साथ 32147 हो गए है। देश में शाखाओं और मिलन की कुल संख्या 1,15,276 है।

राजस्थान क्षेत्र के कार्य की जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2023 -24 में 6102 स्थानों पर 9556 शाखाएं, 3903 मिलन थे। जो वर्ष 2024-25 में बढ़कर 6839 स्थानों पर 10757 शाखाएं और 5311 मिलन हो गए हैं। अग्रवाल ने बताया कि पिछले वर्ष सरसंघचालक मोहनराव भागवत के आव्हान पर संघ कार्य के विस्तार और सुदृढ़ीकरण के लिए 2,453 स्वयंसेवकों ने दो साल के लिए स्वयं को इस कार्य के लिए समर्पित किया। राजस्थान में ऐसे स्वयंसेवकों की संख्या 468 थी ।

इस बैठक में 'सक्षम' द्वारा आयोजित महाकुम्भ में आयोजित नेत्र कुम्भ और कुम्भ को थर्मोकोल प्लेट और पॉलीथिन बैग मुक्त बनाने के लिए विभिन्न संगठनों के "एक थाली - एक थैला अभियान" की सराहना के साथ लोकमाता अहिल्यादेवी होलकर की 300वीं जयंती पर देशभर में आयोजित कार्यकमों चर्चा की। संघचालक अग्रवाल ने कहा कि संघ का लक्ष्य 'सर्वस्पर्शी, सर्वव्यापी' होना है, जो समाज और राष्ट्र के सभी पहलुओं को स्पर्श करे। संघ आज देश के 134 प्रमुख संस्थानों (premiere institutions) में मौजूद है और आने वाले वर्षों में सभी संस्थानों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा है। संघ आज देश के सुदूर और आदिवासी इलाकों में काम करता है। उदाहरण के लिए, ओडिशा के कोरापुट और बोलनगीर के जनजातीय क्षेत्रों में 1031 शाखाएं हैं, जिनमें उन समुदायों से ही कार्यकर्ता कार्य कर रहे हैं। सभा के अंतिम दिन संघ शताब्दी के उपलक्ष्य में एक संकल्प लिया गया। इसके अलावा, भारत की अप्रतिम महिला स्वतंत्रता सेनानी, महारानी अबक्का के जन्म की 500वीं वर्षगांठ के अवसर पर सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले जी का वक्तव्य भी आया। उन्होंने बताया कि शताब्दी वर्ष की शुरुआत विजयादशमी 2025 के अवसर पर होगी, जिसमें गणवेश (संघ गणवेश) में स्वयंसेवकों के मंडल, खंड/नगर स्तर के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# राज्यस्तरीय विकसित भारत युवा संसद आज, 140 युवा रखेंगे बात

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान विधान सभा में आज राज्यस्तरीय विकसित भारत युवा संसद होगी। देश के विकास में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा देशभर में विकसित भारत युवा संसद का आयोजन किया जा रहा है। विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी बुधवार को प्रातः 9.30 बजे विधान सभा के सदन में दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ करेंगें। राजस्थान विधान सभा में केन्द्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के तत्वाधान में राष्ट्र मण्डल संसदीय संघ की राजस्थान शाखा द्वारा आयोजित इस युवा संसद में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और राष्ट्र मंडल संसदीय संघ के सचिव संदीप शर्मा भी मौजूद रहेगें।

देवनानी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने की दिशा में राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद का आयोजन राजस्थान विधान सभा के सदन में किया जा रहा है।

राशि परिवर्तन : राशियों पर पड़ेगा अलग-अलग प्रभाव

# 24 वर्षों बाद शनि का मीन राशि में गोचर

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**जयपुर।** शनि मीन राशि में 29 मार्च 2025 को गोचर करेंगे। शनि के मीन राशि में गोचर करने से देश-दुनिया पर भी इसका प्रभाव देखने को मिलेगा। शनि को क्रूर और क्रोधी ग्रह माना जाता है इसलिए मीन राशि में शनि गोचर के प्रभाव से मेष सहित अन्य 3 राशियों को विशेष ध्यान देने की जरुरत है। शनि देव को न्याय का देवता इसलिए कहते हैं क्योंकि वे सबके कर्मों का फल देते हैं। धार्मिक मान्यता है कि अच्छे कर्म करने वालों को अच्छा फल और बुरे कर्म करने वालों को बुरा फल मिलता है। श्री साकेत पंचांग बूंदी के सम्पादक पंडित जगदीश प्रसाद शर्मा ने बताया की शनि की चाल बहुत धीमी होती है। वे लगभग ढाई साल में एक राशि से दूसरी राशि में जाते हैं। इसलिए, उनका राशि परिवर्तन एक बड़ी घटना मानी जाती है। शनि 29 मार्च 2025 को कुंभ राशि से निकलकर मीन राशि में प्रवेश करेंगे। वे 3 जून 2027 तक मीन राशि में रहेंगे। मीन राशि में शनि गोचर का प्रभाव 12 राशियों पर अलग-अलग पड़ेगा। साथ ही ज्योतिष शास्त्र में शनि के गोचर से कई घटनाओं को भी जोड़कर देखा जाता है।



आइए, जानते हैं कि मीन राशि में शनि गोचर का असर आपके जीवन पर कैसा रहेगा।

### वित्तीय मामलों में बढ़ता है संकट

आचार्य अक्षय शास्त्री के अनुसार शनि के मीन राशि में गोचर होने से कुछ राशियों के लिए आर्थिक चुनौतियां बढ़ जाती है। इस दौरान मेष, कुंभ और मीन राशि वालों पर शनि की साढ़ेसाती का प्रभाव रहेगा। शनि गोचर से मेष राशि के जातकों पर शनि की साढ़े साती का प्रथम चरण होगा। मेष राशि के जातकों को आमदनी में भी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इसके अलावा कुंभ, सिंह और मीन राशि के जातकों को भी वित्तीय संकट का सामना करना पड़ सकता है। साथ ही सिंह और धनु राशि वालों पर शनि की ढैया का प्रभाव शुरू होगा।

### प्राकृतिक आपदाओं की आशंका

शनि के मीन राशि गोचर से देश-दुनिया में प्राकृतिक आपदाओं का खतरा बढ़ जाता है। कहीं भूकंप, तो कहीं बारिश, बाढ़ और सूखा पड़ने की घटनाएं बढ़ती जाती है। बीते दशकों में शनि ने जब भी मीन राशि में गोचर किया है, तो प्राकृतिक आपदाओं का साया देश-दुनिया पर मंडराया है। जैसे, 1995 में जब शनि मीन राशि में आए थे, तो जापान में एक बड़ा भूकंप आया था।

### गृहयुद्ध और युद्धों की आशंका


शनि जब-जब मीन राशि में गोचर करते हैं, तो देशों के भीतर ही समुदायों के बीच तनाव की स्थिति पैदा हो जाती है। कई देशों में गृहयुद्ध बढ़ जाते हैं और कई देशों के बीच युद्ध की स्थिति बन जाती है। जैसे, 1995 में शनि जब मीन राशि में आए थे, तो बोस्नियाई युद्ध में करीब 8,000 से ज्यादा लोग मारे गए थे। कहीं आगजनी की घटनाएं भी होती हैं।

### लोगों का मानसिक तनाव बढ़ता है

शनि को क्रोधी ग्रह माना जाता है। साथ ही शनि को क्रूर भी कहा जाता है। ऐसे में कहा जाता है कि जिस देवता के पास जो गुण होता है, वो वही प्रदान करता है। इसी तरह शनि के मीन राशि में गोचर से ज्यादातर राशियों के लोगों के बीच मानसिक तनाव, क्रोध आदि नकारात्मक विचार बढ़ जाते हैं। क्रोध से लड़ाई-झगड़े बढ़ते हैं, जिससे व्यक्ति मानसिक तनाव का शिकार भी हो जाता है।



फाल्गुन, पक्ष - कृष्ण, तिथि - द्वादशी, संवत 2081 जयपुर, बुधवार वर्ष-11, अंक-4, 26 मार्च - 1 अप्रैल, 2025 मूल्य ₹ 5/- वार्षिक मूल्य : ₹ 250/- पृष्ठ : 8



भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

# जागरूक जनता

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

चैत्र नवरात्र की हार्दिक शुभकामनाएँ

jagrukjanta.net

## दुनिया में किसी की आवश्यकता हुई तो फिर आविष्कार भी हुआ!

सटीक



शिव दयाल मिश्रा
@jagrukjanta.net

**कहते** हैं कि आवश्यकता आविष्कार की जननी है। जब किसी भी वस्तु की आवश्यकता होती है तो उसकी खोज होती है उसे ढूंढ़ा जाता है। भूख लगी तो भोजन की आवश्यकता हुई। प्यास लगी तो पानी की आवश्यकता हुई। बीमार हुए तो दवाईयों की आवश्यकता हुई। इसी प्रकार ईश्वर की तरफ से कुछ ऐसी व्यवस्थाएं हैं जो मनुष्य में आवश्यकताओं को देखते हुए उनका निर्माण या यों कहें कि आविष्कार होता है। उस जरूरत की पूर्ति हो जाती है। हालांकि उसका आविष्कार मनुष्य ही करता है। प्राथमिक शिक्षा प्राप्त करते समय छोटी कक्षाओं में ही हमें बताया जाता है कि आग का आविष्कार हुआ। पहिये का आविष्कार हुआ। हमारे जीवन को सुचारू चलाने के लिए जैसे-जैसे आवश्यकता उत्पन्न होती गई, वैसे-वैसे ही उन्हें पूरा करने के लिए आविष्कार होते चले गए। पहनने के लिए कपड़े, खाने के लिए भोजन, भोजन भी स्वादिष्ट बनाने के लिए उसे सेंकने के लिए आग की जरूरत हुई। कपड़े गंदे हुए तो उसे धोने के लिए साबुन की जरूरत हुई। ये आवश्यकताएं आज भी पैदा होती जा रही है और उनकी पूर्ति के लिए आविष्कार भी होते जा रहे हैं। साधारण जीने के लिए कोई बहुत ज्यादा आवश्यकताएं किसी वस्तु की नहीं होती हैं, मगर जैसे-जैसे भोग विलास बढ़ता गया। आवश्यकताएं बढ़ती गई और आवश्यकताएं बढ़ीं तो उनका आविष्कार भी होता जा रहा है। आज हम देख रहे हैं कि आज से 50 वर्ष पहले का जीवन और आवश्यकताएं क्या थीं। और आज का जीवन क्या है और आवश्यकताएं क्या हैं। खैर ये तो अनवरत चलता ही रहेगा। मगर, इस लेख को लिखने का उद्देश्य हमारा मनुष्य के मन-मस्तिष्क में आई कुछ बातें हैं, जो अविश्वास पर टिकी थी। तो उन्हीं को लेकर विचार बने और लिख दिया पाठकों तक पहुंचाने के लिए। हमने सुरक्षित रहने के लिए मकान बनाए, मगर जब विश्वास कम होने लगा तो दरवाजे का जन्म हो गया। लेकिन जब विश्वासघात होने लगा तो दरवाजे पर ताला लगाना पड़ा। यानि की ताले का जन्म हुआ। इसी प्रकार आगे चलते हुए जब विश्वास एकदम ही खत्म हो गया तो फिर सीसी टीवी कैमरे का जन्म हो गया। अब सोचो! आगे क्या-क्या होगा।

shivdayalmishra@gmail.com

## राजस्थान दिवस के कार्यक्रमों के संबंध में बैठक

# प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए राज्य सरकार कृतसंकल्पित-शर्मा

### चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (30 मार्च) को होगा राजस्थान दिवस, 31 मार्च तक होंगे विभिन्न आयोजन

### दिल्ली स्थित बीकानेर हाउस में 26 मार्च को राजीविका मेले का होगा उद्घाटन

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुरूप राज्य सरकार चार जातियों किसान, युवा, महिला एवं गरीब के कल्याण एवं उत्थान एवं आमजन के लिए गुड गवर्नेंस के क्रम में राजस्थान दिवस (30 मार्च, 2025 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा) वृहद् स्तर पर मना रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का प्रत्येक नागरिक राजस्थान दिवस के कार्यक्रमों में उत्साह एवं उमंग के साथ भाग ले और राजस्थान को विकसित प्रदेश बनाने के लिए समर्पण एवं सेवा-भाव से कार्य करे।

राजस्थान दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की शुरूआत 25 मार्च को बाड़मेर से होगी। यहां आयोजित होने वाले महिला सम्मेलन में लाड़ो प्रोत्साहन योजना के तहत लगभग 7.50 करोड रुपये की राशि का डीबीटी हस्तांतरण, महिला समूहों को लगभग 100 करोड़ रुपये की सीआईएफ राशि का हस्तान्तरण, 3 हजार महिलाओं को इंडेक्शन कुक टॉप का वितरण, कालीबाई भील योजना के अन्तर्गत 5 हजार मेधावी छात्राओं को स्कूटी वितरण, गार्गी पुरस्कार, बालिका प्रोत्साहन एवं मुख्यमंत्री हमारी बेटियां योजना के अन्तर्गत 31 हजार 790 बालिकाओं को 13.16 करोड़ का डीबीटी, विवेकानन्द स्कॉलरशिप योजना के लाभान्वित मेधावी छात्राओ को स्वीकृति, 1.10 करोड़ महिला प्रमुख परिवार को 200 करोड़ रुपये की एल.पी.जी. सब्सिडी राशि का डीबीटी हस्तांतरण प्रस्तावित है।

साथ ही, अति कुपोषित बच्चों के लिए टेक होम राशन में दूध 15 ग्राम से 25 ग्राम देने हेतु दिशा-निर्देश, सोलर दीदी हेतु दिशा-निर्देश, 36 महिला महाविद्यालयों में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने हेतु पुस्तकालय उपलब्ध कराने के दिशा निर्देश, प्रथम चरण में 1000 ग्राम पंचायतों में बर्तन बैंक योजना के दिशा-निर्देश भी जारी किए जाएंगे। शर्मा मुख्यमंत्री निवास पर राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने सप्ताहभर चलने वाले कार्यक्रमों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों एवं आगंतुकों की परिवहन, पेयजल एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

### नई दिल्ली के बीकानेर हाउस में 9 दिवसीय राजस्थान उत्सव-2025 शुरू, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज करेंगे विधिवत उद्घाटन

**जयपुर @ जागरूक जनता।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा बुधवार को नई दिल्ली स्थित बीकानेर हाउस में राजस्थान की परंपरागत संस्कृति को प्रदर्शित करते 9 दिवसीय 'राजस्थान उत्सव– 2025' का विधिवत रूप से उद्घाटन करेंगे। प्रदेश की अतिरिक्त आवासीय आयुक्त अंजु ओमप्रकाश ने बताया कि राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 25 मार्च से 2 अप्रैल तक चलने वाले इस आयोजन में राजीविका क्राफ्ट मेला और फूड उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। गत वर्ष आगंतुकों के उत्साह और पसंद को देखते हुए उत्सव में इस वर्ष भी पेंटिंग प्रतिस्पर्धा, मेहंदी प्रतिस्पर्धा, गोलगप्पा खाने की प्रतिस्पर्धा के साथ ही पारंपरिक खेलों का आयोजन किया जाएगा।




### जौहर स्मृति संस्थान श्रद्धांजलि कार्यक्रम

# चित्तौड़गढ़ के कण-कण में वीर गाथाएं

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि वीर-वीरांगनाओं का बलिदान हमें सिखाता है कि स्वतंत्रता और सम्मान से बढ़कर कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि चित्तौड़गढ़ की धरती शक्ति, भक्ति, त्याग और तपस्या की तपोभूमि है। यहां कण-कण में वीरता की गाथाएं, पत्थर-पत्थर में इतिहास और कंकर-कंकर में बलिदान की आग धधक रही है।

शर्मा मंगलवार को चित्तौड़गढ़ में जौहर स्मृति संस्थान द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज हम यहां केवल श्रद्धांजलि देने नहीं आए हैं, बल्कि शौर्य और त्याग की भावना को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लेने आए हैं। उन्होंने कहा कि चित्तौड़गढ़ दुर्ग राष्ट्रीय अस्मिता और सनातन संस्कृति का प्रतीक है। यह वह पवित्र भूमि है जहां क्षत्रिय वीर मर मिटने का अपना सौभाग्य मानते थे। मेवाड़ के राज्य चिन्ह में भी आदिवासी प्रतिनिधि का चित्र सामाजिक समरसता को दर्शाता है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जौहर साका स्मारिका का विमोचन तथा प्रतिभाओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इससे पहले उन्होंने किले पर स्थित कालिका माता मंदिर में दर्शन भी किए। समारोह में उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम दक, महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री डॉ. मंजू बाघमार, विधायक श्रीचंद कृपलानी, सुरेंद्र सिंह राठौड़, चंद्रभान सिंह आक्या, अर्जुन जीनगर, श्रीमहंत नारायण गिरी महाराज, जौहर स्मृति संस्थान अध्यक्ष रावत नरेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।



### राणा सांगा थे वीर योद्धा, मातृभूमि की रक्षा के लिए दी प्राणों की आहुति

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया मेवाड़ के वीरों से प्रेरणा लेती है लेकिन इस देश में कुछ ऐसे अराजक तत्व हैं जो अपने वीरों पर अंगुली उठाते हैं। वे भूल जाते हैं कि सूर्य को कलंकित नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि राणा सांगा एक ऐसे योद्धा थे जिन्होंने अपनी मातृभूमि और सनातन धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। राणा सांगा का जीवन स्वतंत्रता, साहस और बलिदान का प्रतीक है। उन्होंने न केवल मेवाड़ की रक्षा की, बल्कि समस्त भारतवर्ष की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अराजक तत्वों द्वारा दिए गए बयान न केवल राणा सांगा का अपमान है, बल्कि उन सभी योद्धाओं का अपमान है, जिन्होंने सनातन धर्म और इस धरती की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। ऐसे लोगों को अपनी मानसिकता के लिए पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए।

### ऐतिहासिक वैभव को संरक्षित करने का काम कर रही राज्य सरकार

शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश के ऐतिहासिक वैभव को संरक्षित करने का काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि चित्तौड़गढ़ संग्रहालय के उन्नयन के साथ महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट को भी धरातल पर उतारा जा रहा है।

### 16वीं राजस्थान विधानसभा का तृतीय सत्र सम्पन्न

# 24 बैठकों के साथ 181 घंटे 52 मिनट चला सदन, 95% प्रश्नों के उत्तर मिले

## 2841 लोगों ने देखी विधानसभा की कार्यवाही

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सोलहवीं राजस्थान विधान सभा के तृतीय सत्र को सोमवार, 24 मार्च को सायं 08:26 बजे अनिश्चितकाल के लिए राष्ट्र गान के साथ स्थगित किया।

देवनानी ने कहा कि राजस्थान विधान सभा के इस सत्र से सदन को पेपरलेस चलाने की शुरूआत हुई। सदन में आईपैड के साथ सदन को गुलाबी शहर की तर्ज पर गुलाबी रंग के नये कलेवर में तैयार किया गया। देवनानी ने सोलहवीं विधान सभा के सभी सदस्यों का आव्हान किया कि सभी मिलकर राजस्थान विधान सभा को देश की आदर्श विधान सभा बनाने में सक्रिय भूमिका निभायें।



**95 प्रतिशत प्रश्नों के उत्तर प्राप्त हुये-** देवनानी ने कहा कि इस सत्र में विधायकों से कुल 9800 प्रश्न प्राप्त हुए, जिनमें से तारांकित प्रश्न 4480, अतारांकित प्रश्न 5302 एवं अल्प सूचना प्रश्न 18 हैं। कुल 516 तारांकित प्रश्न सूचीबद्ध हुए, जिनमें से 288 प्रश्न मौखिक रूप से पूछे गये एवं उनके उत्तर दिये गये। इसी तरह 576 अतारांकित प्रश्न सूचीबद्ध हुए। उन्होंने कहा कि विगत सत्र में विधायकों से कुल 8088 प्रश्न प्राप्त हुए थे, जिनमें से तारांकित प्रश्न 3810 एवं अतारांकित प्रश्न 4278 थे, जिनमें से कुल 420 तारांकित प्रश्न सूचीबद्ध हुए, 268 प्रश्न मौखिक रूप से पूछे गये एवं उनके उत्तर दिये गये। इसी तरह 426 अतारांकित प्रश्न सूचीबद्ध हुये थे। देवनानी ने कहा कि सोलहवीं राजस्थान विधान सभा के प्रथम एवं द्वितीय सत्र में प्राप्त कुल 10,049 प्रश्नों में से अब तक 9453 के उत्तर प्राप्त हो चुके है और 596 शेष रहे हैं। 95 प्रतिशत प्रश्नों के उत्तर प्राप्त हो गये है और शेष भी जल्द ही प्राप्त हो जायेंगे। राजस्थान विधान सभा के अभी तक के सत्रों में यह सर्वाधिक है।

JETHI TECH SOLUTIONS

Follow Us: @jethitech

ADDING WINGS TO YOUR BUSINESS

BULK SMS - Lowest Price
Buy 1 Lakh SMS @ Rs.12000/-
With FREE Control Panel
@ 12 Paisa Per SMS
LIFETIME VALIDITY

WEDDING INVITATION
1 Invitation Video for Whatsapp
10,000 Bulk SMS
1 Social HashTag Creation
1 Whatsapp Direct Chat Link
1 Landing Page
Send Digital Invitations At One Click

START-UP PACKAGE
Dynamic Website
+ Domain & Hosting(1 Year)
+ Social Media Profile Creation
+ Social Media Management* (1 Year)
+ 3 WhatsApp Stickers
+ WhatsApp Chat Direct Link
+ Local Business Listing
+ Logo Design
All For Just Rs.35,000/- + GST

Digial Branding/Marketing
★ Youtube Marketing
★ Digital Marketing
★ Whatsapp Marketing
★ Bulk SMS Marketing
★ Website Development
★ Android Development
★ Software Development
★ Social Media Management

MSGJET
SCHOOL Management System

Corporate Branding/Identity
★ Visiting Cards ★ ID Cards ★ Letterhead ★ Calendars ★ Pen Stand ★ Mugs
★ Pamphlets ★ Banners ★ Envelope ★ Diary ★ Paper Weights ★ T-Shirts
★ Bill Book ★ Brochure ★ Signages ★ Bags ★ Pen ★ Many More...

Financial Services: Business Loan, Home Loan, CC Limit, Mortgage Loan

WE ARE Google Partner | AdWords Analytics | Facebook Marketing Partner | Accredited Professional Bing ads

DIGITAL MARKETING | CORPORATE BRANDING | PRINT MEDIA
WEBSITE DESIGN/DEVELOPMENT | SOFTWARE DEVELOPMENT
ANDROID/iOS APPS | BULK SMS | CRM/ERP SOFTWARE

INIDIA: 1C, Rajputana Marg, Kalyanpuri, Jhotwara, Jaipur-12
USA: 11923 NE Summer St. Portland, Oregon, 97220, USA
+91-7976625313, +1(503) 8788224 || www.jethitech.com || sales@jethitech.com

## सम्पादकीय

# क्लाइमेट चेंज : तापमान बढ़ने से दुनिया को कितना नुकसान

विश्व मौसम संगठन की ताजा रिपोर्ट से स्पष्ट होता है कि पिछले दस वर्षों में धरती के तापमान में असाधारण वृद्धि हुई है, जिससे ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियां गंभीर होती जा रही हैं। हालांकि, अभी भी समय है कि सही प्रयासों से हालात को सुधारा जा सके। विश्व मौसम संगठन की ताजा रिपोर्ट में यूं तो कोई ऐसी नई बात नहीं है, जिसके बारे में पहले से अंदाजा न रहा हो, लेकिन यह एक बार फिर याद दिलाती है कि जीव जगत खतरनाक भविष्य की ओर कितनी तेजी से बढ़ रहा है। पिछले दस साल इस धरती पर अब तक के सबसे गर्म रहे हैं। ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन और जलवायु परिवर्तन से जुड़ी चुनौतियां बद से बदतर होती जा रही हैं। आम तौर पर माना जाता है कि इस ग्रह के निरंतर अधिकाधिक गर्म होते जाने का अहसास मानवीय चेतना के लिए एक नई बात है। लेकिन यूरोप और अमेरिका में वैज्ञानिकों ने 19वीं सदी के शुरुआती सालों में ही यह समझ लिया था कि मानवीय सभ्यता के केंद्र ज्यादा गर्मी पैदा कर रहे हैं। उनके ध्यान में यह बात आ चुकी थी कि आसपास के देहाती इलाकों के मुकाबले शहरों में गर्मी ज्यादा होती है। गर्मी का मारक रूप भी तभी से दिखने लगा था। ऑस्ट्रेलिया में 1897 और लंदन में 1900 का साल गर्मी के लिहाज से खास माना गया था। कलकत्ता में 1905 में जब तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया तो गर्मी के चलते कई यूरोपियंस की मौत भी दर्ज की गई थी। बाद के वर्षों में हालात लगातार गंभीर ही होते चले गए। 1962 से अब तक हिमालयी ग्लेशियरों का 30 फीसदी हिस्सा पिघल चुका है।

**क्लाइमेट चेंज को लेकर जिस तरह की गंभीरता हमारी सरकारों में दिखनी चाहिए, वह अब भी नहीं दिख रही। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप तो इन चिंताओं को सीधे तौर पर खारिज करते हैं। भारत सरकार ने जरूर इस पर गंभीरता दिखाई है। सबसे सकारात्मक बात यह है कि अभी भी अगर सही ढंग से प्रयास किए जाएं तो हालात सुधरने शुरू हो सकते हैं।**

क्लाइमेट चेंज की वजह से हो रहे आर्थिक नुकसान भी कम गंभीर नहीं हैं। एक्सपर्ट्स के मुताबिक 8 प्रमुख फसलों- मक्का, गेहूं, चावल, सोया, केला, आलू, कोको, कॉफी-की पैदावार पर इसका सीधा असर पड़ सकता है। यही नहीं, अगले 25 वर्षों में वैश्विक कमाई 19 फीसदी तक घटने की आशंका है। पॉट्सडैम इंस्टिट्यूट फॉर क्लाइमेट इंपैक्ट रिसर्च के मुताबिक भारत में इन्हीं वजहों से कमाई में 25 फीसदी तक की गिरावट आ सकती है। चिंता की बात यह है कि क्लाइमेट चेंज को लेकर जिस तरह की गंभीरता हमारी सरकारों में दिखनी चाहिए, वह अब भी नहीं दिख रही। अमेरिकी राष्ट्पति डॉनल्ड ट्रंप तो इन चिंताओं को सीधे तौर पर खारिज करते हैं। भारत सरकार ने जरूर इस पर गंभीरता दिखाई है। सबसे सकारात्मक बात यह है कि अभी भी अगर सही ढंग से प्रयास किए जाएं तो हालात सुधरने शुरू हो सकते हैं।

**बॉलीवुड के अलावा इंडी संगीत और क्षेत्रीय संगीत की लोकप्रियता में भी भारी इजाफा हुआ है। पंजाबी, तमिल, तेलुगू और मराठी गानों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहा जा रहा है। रैप, लो-फाई, और इलेक्ट्रॉनिक म्यूजिक भी भारतीय युवाओं में तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं।**

# फिर सजने लगी सुर और ताल की महफिलें

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net



श्याम माथुर
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net

**लाइव कॉन्सर्ट और म्यूजिक फेस्टिवल्स की वापसी के बाद से देश में अंतरराष्ट्रीय संगीत महोत्सवों ने जोर पकड़ा है। इससे न केवल स्थानीय कलाकारों को मंच मिल रहा है, बल्कि संगीत के एक ग्लोबल केंद्र के रूप में भी हमारी पहचान बन रही है। फिर सजने लगी सुर और ताल की महफिलें**

यह डिजिटल म्यूजिक की दुनिया में जबरदस्त क्रांति का दौर है। इस दौर में सुर और ताल की महफिलें एक बार फिर सजने लगी हैं। भारतीय संगीत उद्योग नई ऊंचाइयों को छू रहा है। डिजिटल प्लेटफॉर्म, लाइव कॉन्सर्ट और वैश्विक संगीत मंचों पर बढ़ती भारतीय उपस्थिति ने इसे नई रौनक दी है। महामारी के बाद जहां संगीत कार्यक्रमों में ठहराव आ गया था, वहीं अब लाइव कॉन्सर्ट, संगीत महोत्सव और इंडी आर्टिस्ट्स की बढ़ती लोकप्रियता से उद्योग में नई जान आ गई है। आज संगीत केवल रेडियो और टेलीविजन तक सीमित नहीं है। स्पॉटिफाई, गाना, जिओसावन और यूट्यूब म्यूजिक जैसे स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने संगीत प्रेमियों को दुनिया भर के कलाकारों से जोड़ा है। उद्योग से जुड़े लोगों का अनुमान है कि देश में पिछले साल डिजिटल संगीत बाजार 25 प्रतिशत की दर से बढ़ा, और अब अधिकतर कलाकार सीधे ऑनलाइन ऑडियंस तक पहुँच रहे हैं।

बॉलीवुड के अलावा इंडी संगीत और क्षेत्रीय संगीत की लोकप्रियता में भारी इजाफा हुआ है। पंजाबी, तमिल, तेलुगु और मराठी गानों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहा जा रहा है। रैप, लो-फाई, और इलेक्ट्रॉनिक म्यूजिक भी भारतीय युवाओं में तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। लाइव कॉन्सर्ट और म्यूजिक फेस्टिवल्स की वापसी के बाद से देश में अंतरराष्ट्रीय संगीत महोत्सवों ने जोर पकड़ा है। इससे न केवल स्थानीय कलाकारों को मंच मिल रहा है, बल्कि संगीत के एक ग्लोबल केंद्र के रूप में भी हमारी पहचान बन रही है। कुल मिलाकर, भारतीय संगीत उद्योग अपनी विविधता, डिजिटल विस्तार और अंतरराष्ट्रीय जुड़ाव के साथ फिर से अपनी चमक बिखेर रहा है। सुर और ताल की यह नई लहर, संगीत प्रेमियों के लिए उत्साह और आनंद से भरपूर है! दरअसल युवा संगीत प्रेमियों, डिजिटल रूप से जुड़े दर्शकों और इसके विविध साउंडस्केप की ग्लोबल अपील के कारण यह माहौल बना है। 450 मिलियन युवा भारतीयों के बीच संगीत की बढ़ती डिमांड को आकार देने और स्ट्रीमिंग प्लेटफ़ॉर्म द्वारा भाषा की बाधाओं को तोड़ने के साथ, म्यूजिक की दुनिया में भारत एक प्रमुख ग्लोबल पावर के रूप में उभरा है।



देश अब वैश्विक स्तर पर शीर्ष 14 संगीत बाजारों में शुमार है, जिसमें उद्योग का राजस्व सालाना आधार पर 15.3 प्रतिशत बढ़ रहा है, जो वैश्विक औसत 10.2 प्रतिशत से काफी आगे है। हाल के वर्षों में, संगीत सुनने के मामले में हमारा देश एक ग्लोबल लीडर के तौर पर उभरा है। आंकड़े दिखाते हैं कि 2023 में आश्चर्यजनक रूप से 463.7 बिलियन गाने स्ट्रीम किए गए, जो अमेरिका के 184 बिलियन स्ट्रीम (ल्यूमिनेट 2023) से कहीं अधिक है। यह उछाल जियो सावन, स्पोटिफाई और एपल म्यूजिक जैसे प्लेटफ़ॉर्म के कारण है, जिनके पेड सब्सक्रिप्शन में भी लगातार वृद्धि देखी गई है। 2023 में पेड सब्सक्रिप्शन की संख्या 5 मिलियन थी, जो 2024 में बढ़कर 8 मिलियन हो गई है। अनुमान है कि 2026 तक पेड सब्सक्राइबर दोगुना होकर 15 मिलियन के आसपास हो सकते हैं।

दुनियाभर में स्ट्रीम किए गए टॉप 10,000 गानों में से 7.8 प्रतिशत हिंदी ट्रैक हैं, जो 2021 के 3.8 प्रतिशत से लगभग दोगुना है। यह उछाल भारत की क्रिएटर इकोनॉमी को आगे बढ़ा रहा है, जो 22 फीसदी की वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ रही है, जिसमें डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म उद्योग के राजस्व का लगभग 90 फीसदी हिस्सा है। विभिन्न भाषाई पृष्ठभूमि और शैलियों में फैले भारतीय संगीतकार ग्लोबल स्तर पर अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं। हिंदी, तमिल, पंजाबी और अन्य क्षेत्रीय भाषा के कलाकार अपनी आकर्षक धुनों से भाषाई और सांस्कृतिक बाधाओं को तोड़ते हुए ग्लोबल चार्ट में स्थान हासिल कर रहे हैं। एक तरफ डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म भारत की म्यूजिक इंडस्ट्री के विकास की लीडरशिप कर रहे हैं, दूसरी तरफ लाइव संगीत की दुनिया भी इस डिजिटल उछाल से प्रेरित होकर फल-फूल रही है। डुआलिपा, मरून 5 जैसे वैश्विक सुपरस्टार्स के हालिया प्रदर्शन और अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में कोल्डप्ले के रिकॉर्ड-ब्रेकिंग शो ने वैश्विक मनोरंजन पर देश के बढ़ते प्रभाव को रेखांकित किया। इस साल एड शीरन, ग्रीन डे और शॉन मेंडेस जैसे कलाकार हमारे देश में शो करने वाले हैं। अकेले टिकट वाले लाइव संगीत सेगमेंट के इस साल 1,864 करोड़ (223 मिलियन डॉलर) तक पहुंचने की उम्मीद है। इस बीच, कुल लाइव इवेंट बाजार 2023 में ?88 बिलियन से बढ़कर 2026 तक 143 बिलियन तक पहुंचने का अनुमान है। जाहिर है कि भारत का संगीत उद्योग उल्लेखनीय वृद्धि रिकॉर्ड कर रहा है, जिससे इसकी गति बनाए रखने के लिए एक संतुलित नियामक ढांचे की आवश्यकता अनिवार्य हो गई है।


ऑनलाइन म्यूजिक स्ट्रीमिंग के जरिये अब श्रोता अपनी पसंद का संगीत कभी भी, कहीं भी सुन सकते हैं। स्वतंत्र कलाकारों को भी बड़े म्यूजिक लेबल्स पर निर्भर नहीं रहना पड़ता। साथ ही रीजनल और लोक संगीत को भी वैश्विक स्तर पर पहचान मिल रही है। स्वतंत्र कलाकार और बड़े लेबल्स अपने गानों को लॉन्च कर रहे हैं और व्यापक दर्शकों तक पहुँचा रहे हैं। पंजाबी म्यूजिक, तमिल और तेलुगु फिल्म संगीत, भोजपुरी गाने और मराठी म्यूजिक अब देश और विदेश दोनों में लोकप्रिय हो रहे हैं। कई स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म अब क्षेत्रीय भाषाओं में विशेष म्यूजिक प्लेलिस्ट उपलब्ध करा रहे हैं। भारतीय फिल्म इंडस्ट्री का संगीत दशकों से मुख्यधारा में रहा है। लेकिन अब बॉलीवुड में भी बदलाव देखने को मिल रहा है। हाल के वर्षों में पुराने गानों के रीमिक्स का चलन बढ़ा है, लेकिन इसे मिश्रित प्रतिक्रिया मिली है। अब बॉलीवुड में केवल पारंपरिक बॉलीवुड म्यूजिक नहीं, बल्कि रैप, इलेक्ट्रॉनिक म्यूजिक, फोक-फ्यूजन और इंडी म्यूजिक का भी प्रभाव दिखने लगा है। अतीत में फिल्म संगीत इंडस्ट्री पर हावी था, लेकिन अब स्वतंत्र संगीतकारों को भी श्रोताओं से सराहना मिल रही है। स्वतंत्र संगीतकार, जो पहले पारंपरिक म्यूजिक लेबल्स पर निर्भर थे, अब सोशल मीडिया और डिजिटल स्ट्रीमिंग के माध्यम से अपना संगीत सीधे अपने प्रशंसकों तक पहुँचा रहे हैं।

# कहानी : गुस्से पर नियंत्रण

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net



हरिओम गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net



एक वकील ने सुनाया हुआ एक हृदय स्पर्शी किस्सा।

मैं अपने चेंबर में बैठा हुआ था , एक आदमी दनदनाता हुआ अन्दर घुसा। हाथ में कागज़ो का बंडल, धूप में काला हुआ चेहरा , बढ़ी हुई दाढ़ी, सफेद कपड़े जिनमें पांयचों के पास मिट्टी लगी थी।उसने कहा -

उसके पूरे फ्लैट पर स्टे लगाना है । बताइए , क्या क्या कागज और चाहिए ? क्या लगेगा खर्चा ?

मैंने उन्हें बैठने का कहा। "रग्घू, पानी दे इधर" मैंने आवाज़ लगाई। वो कुर्सी पर बैठे ।

उनके सारे कागजात मैंने देखे। उनसे सारी जानकारी ली। आधा पौना घंटा गुजर गया। "मैं इन कागज़ो को देख लेता हूँ। आप के केस पर विचार करेंगे। आप ऐसा कीजिए बाबा, शनिवार को मिलिए मुझसे।"

चार दिन बाद वो फिर से आए। वैसे ही कपड़े। बहुत डेस्परेट लग रहे थे।

अपने छोटे भाई पर गुस्सा थे बहुत । मैंने उन्हें बैठने का कहा। ऑफिस में अजीब सी खामोशी गूँज रही थी।

मैंने बात की शुरुआत की। "बाबा, मैंने आपके सारे पेपर्स देख लिए। आप दोनों भाई, एक बहन। माँ बाप बचपन में ही गुजर गए। तुम नौवीं पास, छोटा भाई इंजीनियर।

आपने कहा कि छोटे भाई की पढ़ाई के लिए आपने स्कूल छोड़ा। लोगो के खेतों में दिहाड़ी पर काम किया। कभी अंग भर कपड़ा और पेटभर खाना आपको मिला नहीं। पर भाई के पढ़ाई के लिए पैसा कम नहीं होने दिया।"

"फिर आपका भाई इंजीनियरिंग में अच्छे कॉलेज में एडमिशन ले पाया । आपका दिल खुशी से भरा हुआ था । फिर आपने मरते दम तक मेहनत की । 80,000 की सालाना फीस भरने के लिए आपने रात दिन एक कर दिया । बीवी के गहने गिरवी रख के, कभी साहूकार से पैसा ले कर आपने उसकी हर जरूरत पूरी की ।"

फिर भाई मास्टर्स के लिए हॉस्टल पर रहने गया। वो मास्टर्स पास हुआ, फिर भाई की नौकरी लगी , तीन साल पहले उसकी शादी हुई , अब तुम्हारा बोझ हल्का होने वाला था।

"पर किसी की नज़र लग गई आपके इस प्रेम को। शादी के बाद भाई ने आना बंद कर दिया। पूछा तो कहता है मैंने बीवी को वचन दिया है । घर पैसा देता नहीं, पूछा तो कहता है कर्ज़ा सिर पे है । पिछले साल शहर में फ्लैट खरीदा। पैसे कहाँ से आए पूछा तो कहता है कर्ज लिया है। अब तुम्हारा भाई चाहता है गाँव की आधी खेती बेच कर उसे पैसा दे दे। "

इतना कह कर मैं रुका। रग्घू ने लाई चाय की प्याली मैंने मुँह से लगाई।

" तुम चाहते हो भाई ने जो माँगा वो उसे ना दे कर उसके ही फ्लैट पर स्टे लगाया जाए । क्या यही चाहते हो तुम ?"

वो तुरंत बोला, "हाँ ।"

मैंने कहा -

हम स्टे ले सकते हैं। भाई की प्रॉपर्टी में हिस्सा भी माँग सकते है।

पर, तुमने उसके लिए जो खून पसीना एक किया है वो नहीं मिलेगा!

तुमने उसके लिए जो ज़िन्दगी खर्च की है वो भी वापस नहीं मिलेगी! !!

मुझे लगता है इन सब चीज़ों के सामने उस फ्लैट की कीमत शून्य है । भाई की नीयत फिर गई , वो अपने रास्ते चला गया । अब तुम भी उसी कृतघ्न सड़क पर मत जाना ।

वो भिखारी निकला , तुम दिलदार थे । दिलदार ही रहो ..!

तुम्हारा हाथ ऊपर था , ऊपर ही रखो ।

कोर्ट कचहरी करने की बजाय बच्चों को पढ़ाओ लिखाओ।

पढ़ाई कर के तुम्हारा भाई बिगड़ गया , इसका मतलब बच्चे भी ऐसा करेंगे , ऐसा तो नहीं होता !

वो मेरे मुँह को ताकने लगा । उठ के खड़ा हुआ, सब कागज़ात उठाए और आँखें पोंछते हुए कहा, "चलता हूँ वकील साहब।" उसकी रूलाई फूट रही थी और वो मुझे वो दिख ना जाए ऐसी कोशिश कर रहा था।

इस बात को अरसा गुजर गया। कल वो अचानक मेरे ऑफिस में आया। कलमों में सफेदी झाँक रही थी उसके। साथ में एक नौजवान था, हाथ में थैली ।

मैंने कहा, "बाबा , बैठो ।"

उसने कहा, "बैठने नहीं आया वकील साहब, मिठाई खिलाने आया हूँ। ये मेरा बेटा! बैंगलोर रहता है, कल आया है गाँव। अब दो मंजिला मकान बना लिया है वहाँ। थोड़ी थोड़ी कर के कुछ खेती खरीद ली है अब।" मैं उसके चेहरे से टपकते हुए खुशी को महसूस कर रहा था।

"वकील साहब, आपने मुझ से कहा था , कोर्ट कचहरी के चक्कर में मत लगो , बरबाद हो जाओगे। गाँव में सब लोग मुझे भाई के खिलाफ उकसा रहे थे। मैंने उनकी नहीं, आपकी बात सुन ली।

मैंने अपने बच्चों को तालीम दिलायी और भाई के पीछे अपनी ज़िंदगी बरबाद नहीं होने दी ।

मेरे हाथ का पेड़ा हाथ में ही रह गया ! !! मेरे आँसू टपक ही गए आखिर..!

गुस्से को यदि योग्य दिशा में मोड़ा जाए तो वास्तव में कभी पछताने की जरूरत नहीं पड़ेगी..

*(ये लेखक के अपने विचार है)*

## इतिहास के पन्नों पर राजनीति कितनी सही कितनी गलत



नविता
पत्रकार
@jagrukjanta.net

**भारत** वीर योद्धाओं की भूमि है, लेकिन दुर्भाग्यवश, इन वीर योद्धाओं को भी राजनीति के दायरे में खींच लिया जाता है। अपने विचार व्यक्त करने का अधिकार सभी को है, परंतु भाषा की मर्यादा बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। वर्तमान में देश की राजनीतिक हलचल आम आदमी तक आसानी से पहुँच रही है। जब आस्था आहत होती है, तो आक्रोश जन्म लेता है, और आक्रोश की अग्नि युद्ध को जन्म देती है। लेकिन युद्ध के अंत में चाहे कोई भी विजयी हो या पराजित, परंतु मानवता की हार निश्चित होती है।

देश के वे वीर योद्धा, जिन्होंने अपने साहस और पराक्रम से इतिहास रचा और अपना जीवन मातृभूमि को समर्पित कर दिया, वे किसी एक जाति या धर्म विशेष के नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए पूजनीय और सम्माननीय हैं। उनकी वीरता और बलिदान की गूँज हर नागरिक के मन में प्रेरणा का स्रोत है, क्योंकि उन्हीं के कारण आज हम स्वतंत्रता की हवा में साँस ले पा रहे हैं। ऐसे महान योद्धाओं पर की गई कोई भी अनुचित टिप्पणी निंदनीय है। ऐसा प्रतीत होता है मानो औरंगजेब, अपनी मृत्यु के 318 वर्ष बाद भी, हमारी राष्ट्रीय एकता को विखंडित करने का प्रयास कर रहा हो। देश का वास्तविक विकास हमारे वीरों का सम्मान करने और उनसे प्रेरणा लेने में निहित है, न कि राजनीतिक स्वार्थ सिद्धि के लिए उनके नाम का उपयोग कर उन पर अनुचित टिप्पणी करने में।

## सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज।।

### सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव



सृष्टि रचना

**अचिन्त्या व्यक्त रूपाय, निर्गुणाय गुणात्मने।**
**समस्त जगदाधार मूर्तये ब्रह्मणे नमः।।**

(समस्त जगत के आधारभूत अचिन्त्य अव्यक्त और निर्गुण तथा सगुण रूप ब्रह्म को नमस्कार है।)

**प्रकृतिः**

परब्रह्म परमात्मा समस्त सृष्टि का आदि कारणौ , वही आदि तत्व है। ब्रह्म स्वयं अकर्ता है। ब्रह्म से उत्पन्न हुई आदि शक्ति महामाया प्रकृति रूप से सृष्टि रचना करती है। ब्रह्म के दो रूप हैं, एक अगोचर पुरुष दूसरा दृष्यमान प्रकृति। पुरुष ही माया में परिविम्बित जीव है, वही काल रूप है। जड़ प्रकृति में पुरुष रूप परमात्मा की चिद्शक्ति चेतना रूप में व्याप्त है। प्रकृति, सत्व, रज, तम त्रिगुणमयी है। तीनों गुणों की साम्यावस्था का नाम प्रकृति है। गुणों में विकार होने से क्रियाशक्ति प्रधान सूत्रात्मा (यही जीव है यही लिंग शरीर है) तथा ज्ञान शक्ति प्रधान महतत्व (यही चित्त है जो ब्रह्मा रूप से जगत की उत्पत्ति का कारण है) उत्पन्न होते हैं। महतत्व में विकार होने से अहंकार उत्पन्न होता है, जो तीन प्रकार का है। सात्विक यानि वैकारिक अहंकार से मन और इन्द्रियों के अधिष्ठात्री देवता उत्पन्न हुए। राजस यानि तेजस अहंकार से दस इन्द्रियां तथा ज्ञान शक्ति रूप बुद्धि और क्रियाशक्ति रूप प्राण उत्पन्न हुए।

**क्रमशः**

## उड़नपरी सुनीता पसन्द करे भगवतगीता

आखर आखर झरे उजियार



गोपाल प्रभाकर
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net

**भारतीय** मूल की नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स हाल ही 9 महीने की कठिन अंतरिक्ष यात्रा के बाद धरती पर लौट आई है। पूरी दुनिया जैसे खुशी से झूम उठी है। फ्लोरिडा के तट पर उनका उतरना एक सुखद पल था। फ्लोरिडा समुद्र पर डॉल्फिन मछलियों ने कैप्सूल की परिक्रमा कर जैसे अंतरिक्ष दल का स्वागत किया।

आसमान के स्याह अंधेरों और रास्ते की बाधाओं से वो तनिक भी विचलित नहीं हुई। उसकी नजर लगातार मंज़िल पर थी। चुनौतियां स्वीकार करना और जान की परवाह किए बगैर लक्ष्य की ओर बढ़ना उस ने सनातन संस्कृति से सीखा है। कठिन दौर में तनाव प्रबंधन की कला उसे भारतीय संस्कृति से विरासत में मिली है।

वास्तव में सुनीता विलियम्स का भारतीय अध्यात्म और संस्कृति से गहरा नाता है। उसकी वैज्ञानिक कार्य शैली में भगवतगीता और उपनिषदों का प्रतिबिंब देखने को मिलता है। यही वज़ह है कि अंतरिक्ष की ऊंचाइयों में विचरण के समय भी उसने अपना हौसला बनाये रखा। वह अपनी अन्तरिक्ष यात्राओं के दौरान भगवत गीता और उपनिषदों की प्रतियां ले जाती थी, ताकि दीर्घकालिक पृथ्वी परिक्रमा के दौरान धैर्य और संतुलन बना रहे. उसने अपने साक्षात्कार में बताया कि ये किताबें अंतरिक्ष यात्रा में ले जाने के लिए उपयुक्त थीं। इनके अध्ययन मनन से मिशन के प्रति स्पष्टता और एकाग्रता महसूस की जा सकती है।

सुनीता विलियम्स का मानना है कि अंतरिक्ष यात्रा के करियर से जुड़ने पर उसे गीता ज्ञान की प्रासंगिकता ज्यादा अनुभव हुई। ये ही वो ग्रंथ है जो परिणाम की परवाह किए बगैर कर्तव्य पालन पर ज़ोर देता है और जीने के लिए अन्तर्दृष्टि प्रदान करता है। अंतरिक्ष में ब्रह्मांड की विराटता और मानव की लघुता एवं कोमलता से साक्षात्कार होता है। गीता से प्राप्त दार्शनिक दृष्टि से उन्हें बड़ा संबल प्राप्त हुआ है। अपनी एक अंतरिक्ष यात्रा के दौरान वो गणेश जी की छोटी सी प्रतिमा भी ले गई थी,जिससे उनको जैसे सुरक्षा कवच मिल गया था।

इसी तरह जब नील आर्मस्ट्रांग पहली बार चंद्र यात्रा पर निकले तो गिरजाघरों में उनकी सफल यात्रा के लिए प्रार्थना की गई थी. अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा से तत्कालीन प्रधान मंत्री इंदिरा जी ने पूछा कि पृथ्वी कैसी लग रही है तो उनका जवाब था सारे जहाँ से अच्छा हिन्दुस्ता हमारा। सारांश यह है कि विज्ञान अध्यात्म के बगैर अधूरा है। कोई भी उद्यमिता का उपक्रम तभी सफल हो सकता है, जब उसके नेपथ्य में प्रार्थना हो, समर्पण के भाव हो।

## ओपिनियन

# मोटापे की महामारी से निपटना होगा

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net



अमित बैजनाथ
पत्रकार
@jagrukjanta.net

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात में देश और दुनिया में तेजी से बढ़ रही मोटापे की समस्या का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि खाने में ऐसी चीजों का प्रयोग मत कीजिए, जिससे मोटापा बढ़े। इसकी जगह शुद्ध सात्विक चीजों का सेवन करें। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ राष्ट्र बनाने के लिए हमें मोटापे की समस्या से निपटना ही होगा। मोटापे से निजात पाना व्यक्तिगत समस्या नहीं है, बल्कि यह परिवार के प्रति भी हमारी जिम्मेदारी बनती है। उन्होंने खाने में तेल का उपयोग कम करने की सलाह देते हुए कहा कि यह कई बीमारियों की वजह बनता है। इससे मोटापे के साथ ही डायबिटीज, बीपी और दिल की बीमारियों का खतरा लगातार बना रहता है, इसलिए हमें तेल के अधिक प्रयोग से बचना बहुत जरूरी है। पीएम मोदी ने पहले भी मोटापा कम करने के लिए कहा है। इससे एक बार फिर महामारी बनती मोटापे की बीमारी पर देशभर में चर्चा छिड़ गई है। एक्सपर्ट लगातार इस पर चर्चा करते हुए मोटापे से बचने की सलाह दे रहे हैं।

**दुनियाभर के लिए मोटापा कितना गंभीर रोग बनता जा रहा है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि दुनिया में हर आठ में से एक व्यक्ति मोटापे का शिकार है। स्वास्थ्य को लेकर जारी कई रिपोर्ट इस बात की तस्दीक करती हैं कि भारत में भी मोटापा तेजी से पैर पसार रहा है।**

दुनियाभर के लिए मोटापा कितना गंभीर रोग बनता जा रहा है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि दुनिया में हर आठ में से एक व्यक्ति मोटापे का शिकार है। स्वास्थ्य को लेकर जारी कई रिपोर्ट इस बात की तस्दीक करती हैं कि भारत में भी मोटापा तेजी से पैर पसार रहा है। रिपोर्ट कहती हैं कि देश में महिलाओं में पुरुषों के मुकाबले मोटापा अधिक है। महिलाओं में मोटापे की दर 9.8 फीसदी है। वहीं पुरुषों में मोटापे की दर 5.4 फीसदी है, जबकि लड़कियों में मोटापे की दर 3.1 फीसदी और लड़कों में मोटापे की दर 3.9 फीसदी है। वहीं बच्चों में भी मोटापा चार गुना तक बढ़ गया है। भारत में 40 प्रतिशत महिलाएं और 12 प्रतिशत पुरुष पेट से जुड़े मोटापे से ग्रस्त हैं। शहरी क्षेत्रों में मोटापा ग्रामीण क्षेत्रों से ज्यादा है। दक्षिण भारत में मोटापा अधिक है। केरल, तमिलनाडु, पंजाब और दिल्ली में मोटापे की दर ज्यादा है। वहीं मध्य प्रदेश और झारखंड में मोटापे की दर कम है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के मुताबिक, दुनियाभर में बहुत सारे लोग मोटापे से परेशान हैं। साल 2022 में तो एक अरब से ज्यादा लोग इस समस्या से जूझ रहे थे। अध्ययन कहता है कि 2022 में अधिक वजन वाले वयस्कों की संख्या करीब 43 प्रतिशत थी। वहीं यूरोप में अधिक वजन या मोटापा लोगों की मृत्यु और विकलांगता के प्रमुख कारणों में से एक है। एक अनुमान के मुताबिक, मोटापे के चलते पूरी दुनिया में हर वर्ष 12 लाख से अधिक लोगों की मौत हो जाती है। डब्ल्यूएचओ का कहना है कि अधिक वजन वाले और मोटापे से ग्रस्त लोग कोविड महामारी के परिणामों से अलग-अलग रूप से प्रभावित हुए हैं, जिन्हें अक्सर अधिक गंभीर बीमारी और अन्य जटिलताओं का सामना करना पड़ रहा है। अधिक वजन या मोटापे को कम से कम 13 विभिन्न प्रकार के कैंसर का कारण माना जाता है, जो पूरे यूरोप में सालाना कैंसर के कम से कम दो लाख नए मामलों के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार हो सकता है।

असल में मोटापे को एक जटिल दीर्घकालिक बीमारी समझा जाता है, जो एक संकट बन गया है। यह एक ऐसी महामारी के रूप में उभर रहा है, जिसमें पिछले कुछ दशकों में भारी वृद्धि हुई है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, वैसे तो मोटापे के लिए जिम्मेदार कारणों के साथ-साथ इस संकट को रोकने के लिए आवश्यक साक्ष्य-आधारित कार्यक्रमों की जरूरत को भी समझा जाता है, लेकिन समस्या यह है कि उन्हें लागू नहीं किया जाता है। संयुक्त राष्ट का कहना है कि लगभग सभी देशों की सरकारों और समुदायों को मोटापे पर काबू पाने के वैश्विक लक्ष्यों की पूर्ति की करने के लिए कार्रवाई और प्रगति के मार्ग पर वापस लौटना होगा। इन प्रयासों को डब्ल्यूएचओ और राष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसियों की साक्ष्य-आधारित नीतियों का समर्थन देने की भी बात कही गई है। इसमें निजी क्षेत्र के सहयोग की भी आवश्यकता है, जिसे अपने उत्पादों के स्वास्थ्य प्रभावों के लिए जवाबदेह होना होगा।


## हमे भेजें

**आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद् सन/डॉटर भेज सकते हैं।**

jagrukjantanews@gmail.com

सम्पर्क करें : 9829329070, 9928022718

## पंचांग



ज्योतिर्विद् अक्षय शास्त्री



साकेत पंचांग, अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

**जागरूक जनता** पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया

### सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

**बुधवार, 26/03/2025**

**सूर्योदय** : 06:28 **सूर्यास्त** : 18:37 **चन्द्रोदय** : 04:17 **चन्द्रास्त** : 15:26 **शक सम्वत** : 1946 क्रोधी **अमान्ता महीना** : फाल्गुन **पूर्णिमांत** : चैत्र **सूर्य राशि** : मीन **चन्द्र राशि** : मकर **पक्ष** : कृष्ण **तिथि** : द्वादशी, 25:40 तक **वार** : बुधवार **द्रिक ऋतु** : वसन्त **द्रिक-वैदिक अयन** : उत्तरायण

### नक्षत्र, योग, करण

**नक्षत्र** : धनिष्ठा, 26:19 तक
**योग** : सिद्ध, 12:15 तक
**प्रथम करण** : कौवाला, 14:44 तक
**द्वितिय करण** : तैतिल, 25:40 तक

### शुभ समय

| | |
|---|---|
| ब्रह्म मुहूर्त | 04:44 ए एम से |
| प्रातः सन्ध्या | 05:08 ए एम से |
| अभिजित मुहूर्त | कोई नहीं |
| विजय मुहूर्त | 02:30 पी एम से |
| गोधूलि मुहूर्त | 06:34 पी एम से |
| सायाह्न सन्ध्या | 06:36 पी एम से |
| अमृत काल | 04:40 पी एम से |
| निशिता मुहूर्त | 12:03 ए एम, मार्च 27 से 1 |

**निवास और शूल**

दिशा शूल : उत्तर में

राहु काल वास दक्षिण-पश्चिम में

होमाहुति : केतु

कुंभ चक्र: कण्ठ

### चौघड़िया

**दिन का चौघड़िया**

| | |
|---|---|
| लाभ | : 06:27 - 07:58 |
| अमृत | : 07:58 - 09:29 |
| काल काल वेला | : 09:29 - 11:00 |
| शुभ | : 11:00 - 12:31 |
| रोग वार वेला | : 12:31 - 14:02 |
| उद्वेग | : 14:02 - 15:34 |
| चर | : 15:34 - 17:05 |
| लाभ | : 17:05 - 18:36 |

**रात का चौघड़िया**

उद्वेग : 18:36 - 20:05
शुभ : 20:05 - 21:33
अमृत : 21:33 - 23:02
चर : 23:02 - 00:31
रोग : 00:31 - 01:59
काल : 01:59 - 03:28
लाभ : 03:28 - 04:57
उद्वेग : 04:57 - 06:26

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

### आज द्वादशी

**आज कौन सा कार्य करें**

द्वादशी : यात्रादि को छोड़कर सभी धार्मिक शुभ कार्य किये जा सकते हैं।

### बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।

**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋय दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।

**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट :** शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

## राशिफल

फाल्गुन, कृष्ण, द्वादशी, 2081 बुधवार, 26 मार्च - 1 अप्रैल, 2025

**मेष** [चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ]
लम्बित मामलों के परिणाम आपके पक्ष में होने की सम्भावना है। व्यवसाय में सहयोगी आपके कार्यों से प्रसन्न रहेंगे। निर्माण कार्यों में आपको सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ बदलाव कर सकते हैं।

**तुला** [रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते]
**संतान** से पुराने मतभेद उभरने से पारिवारिक वातावरण अशान्त होगा। आर्थिक स्थिति बिगड़ने से कर्ज लेना पड़ सकता है। कार्य क्षेत्र पर आरंभिक बिक्री के बाद आज उदासीनता छायी रहेगी।

**वृषभ** [ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो]
व्यापार में जिम्मेदारियाँ बढ़ सकती है। आपकी कर्तव्यनिष्ठा की प्रशन्सा होगी। मित्रों का सहयोग लेना हितकारी होगा। जो लोग आपके विरुद्ध थे, वे अचानक आपके पक्ष में आ सकते हैं।

**वृश्चिक** [तो,ना,नी, नू,या,यी,यू]
**नौकरी** पेशाओ को अतिरिक्त कार्य मिलने से असुविधा होगी काम लापरवाही से करेंगे। मित्रो के साथ बाहर घूमने का अवसर मिलेगा। ससुराल से लाभ होगा। पारिवारिक दायित्व बढ़ने से व्यस्तता रहेगी।

**मिथुन** [क, की,कु,घ, ड,छ,के,को,ह]
विदेश में कार्यरत लोगों को सम्मान मिल सकता है। व्यवसाय में रुके हुये कार्यों में सफलता मिलेगी। जॉब में बदलाव करने का विचार बनायेंगे। प्रेम सम्बन्धों में कुछ प्रतिकूलता रहेगी।

**धनु** [ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे]
नौकरीपेशा जातको को मेहनत का फल मिलेगा। विरोधियो पर विजय प्राप्त करेंगे। शुभ समाचार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। साहित्यकार, लेखक एवं पत्रकारों के लिए सप्ताह विशेष लाभदायक रहेगा।

**कर्क** [हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो]
कार्य क्षेत्र या घर में परिवर्तन अथवा साज सज्जा में बदलाव भी कर सकते है समाज के प्रतिष्ठित लोगो से सम्मान मिलेगा लेकिन आर्थिक लाभ थोड़ा विलम्ब से होगा। दाम्पत्य सुख उत्तम रहेगा।

**मकर** [भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,]
**परिजनों** के साथ मित्रवत व्यवहार रहेगा। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति के कारण खर्च बढ़ने से असहज अनुभव करेंगे। उधार से बचे। सेहत ठीक रहेगी। आलस्य का वातावरण रहेगा।

**सिंह** [मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे]
**व्यवहार** कुशलता व संतोषि स्वभाव से सम्मानित होंगे। उधारी वसूलने में परेशानी आ सकती है। घर में मेहमानों के आने से वातावरण आनंदित होगा। पारिवारिक खर्च बढ़ने से परेशानी भी होगी।

**कुंभ** [गू, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा]
**नए** कार्यो का आरंभ आज ना करें ना ही किसी को उधार दें। इसके बाद परिवार के सदस्यों का सहयोग मिलने लगेगा लेकिन घरेलू आवश्यकताओं को नजरअंदाज करने से अशांति बढ़ेगी।

**कन्या** [टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो]
**मित्र** परिजनों के साथ ज्यादा समय बिताना पसंद करेंगे। फिजूल खर्ची से बचें। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहने से सप्ताह उत्साह पूर्ण रहेगा।

**मीन** [दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि]
**आर्थिक** लाभ के लिए अधिक प्रयत्न करना पड़ेगा मध्यान के समय किसी मनोकामना की पूर्ति होने से प्रसन्न रहेंगे।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर

### अभियंताओं की क्षमता संवर्धन के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारम्भ

# तकनीकी नवाचार से मिलेगी नगरीय विकास को गति

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net



**जयपुर।** नगरीय विकास राज्यमंत्री(स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा ने एमएनआईटी में अभियंताओं की क्षमता संवर्धन के लिए आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने अभियंताओं से संवाद कर उनका मार्गदर्शन किया। खर्रा ने कहा कि व्यक्ति के जीवन में सीखने की कोई उम्र नहीं होती है, अभ्यास से ही वह अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर हो जाता है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में नगरीय विकास विभाग आधारभूत संरचनाओं के नये आयाम स्थापित कर रहा है ।

उन्होंने कहा कि इंजीनियर के रूप में आपका कार्य केवल इमारत बनाना ही नहीं है, बल्कि नगरीय विकास की प्रगति और समृद्धि की नींव को मजबूत करना भी है। आज के तेज़ी से बदलते समय में हमें कुछ नया और अलग सोचने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि तकनीकी नवाचारों से राजस्थान के नगरीय विकास को गति मिलेगी। हमे चाहिए की हम नवीन विचारों को अपनाएं और निर्माण के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों और विधियों को सीखें। खर्रा ने कहा कि हमे परंपरा और आधुनिकता को जोड़ते हुए उत्कृष्टता की ओर बढ़ना है। उल्लेखनीय है कि अभियंताओं को इस एक दिवसीय कार्यशाला में तकनीकी विषयों एवं निर्माण कार्यों से संबंधित विभिन्न तकनीकी नवाचारों का प्रशिक्षण दिया जायेगा। कार्यशाला में विभिन्न सत्र होंगे जिसमें वरिष्ठ अधिकारियों एवं विषय विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिया जायेगा। इस उद्घाटन सत्र में विधायक श्री कुलदीप धनकड़ ,एमएनआईटी के निदेशक एन पी पाधी ,आवासन आयुक्त डॉ रश्मि शर्मा, मुख्य अभियंता यूडीएच अशोक, मुख्य अभियंता आवासन मण्डल अमित अग्रवाल, टीएस मीणा सहित अन्य अधिकारी, एमएनआईटी के प्रोफेसर एवं सभी प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे ।

## कप्तान राष्ट्रदीप की अगुवाई में राजस्थान टीम ने मेजबान दिल्ली को फाइनल में हराया

**अखिल भारतीय सिविल सेवा क्रिकेट प्रतियोगिता**

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net



**जयपुर।** नई दिल्ली में खेले जा रहे अखिल भारतीय सिविल सेवा क्रिकेट प्रतियोगिता में खेले गए फाइनल मुकाबले में कप्तान राष्ट्रदीप की अगुवाई में राजस्थान टीम ने दिल्ली को रोमांचक मुकाबले में 5 रन से हराकर इतिहास रच दिया है। भारत नगर स्टेडियम, नई दिल्ली में खेले गए फाइनल मैच में दिल्ली की रीजनल बोर्ड की टीम, जिसमें पूर्व भारतीय खिलाड़ी परविंदर अवना एवं आईपीएल खिलाड़ी शशांक वशिष्ठ भी इस टीम का हिस्सा थे जिसको राजस्थान टीम ने हरा दिया। राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 234 रन बनाए। जिसमें शाकिर खान ने 73, अजय बेनीवाल ने 55, राजू जोशी ने 44 रनों का योगदान दिया। जवाब में दिल्ली ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 229 रन ही बना सकी और 5 रन राजस्थान ने इस फाइनल मुकाबले को जीत लिया। गेंदबाजी में राजस्थान की ओर से हितेश ने 2 विकेट और अक्षय, शुभम, शाहबाज, शाकिर ने 1-1 विकेट लिए। राजस्थान के अजय बेनिवाल को प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज चुना गया, जिन्होंने प्रतियोगिता में 400 रन बनाए और कप्तान राष्ट्रदीप ने प्रतियोगिता में 10 विकेट लिए। राष्ट्रदीप के नेतृत्व में पहली बार राजस्थान ने इस फाइनल का खिताब जीतकर इतिहास रचा। कार्मिक विभाग के शासन सचिव के.के. पाठक ने टीम को विजेता बनने पर बधाई दी।

## 31 तक कराये विधवा-बुजुर्ग और दिव्यांगजनों के पेंशन का भौतिक सत्यापन

**जयपुर @ जागरूक जनता।** सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत लाभ प्राप्त कर रहे पेंशनधारकों को वार्षिक भौतिक सत्यापन अनिवार्य रूप से करवाना होगा। 31 मार्च तक सत्यापन न करवाने की स्थिति में पेंशन बंद कर दी जाएगी। जयपुर जिले में अब तक लगभग एक लाख से अधिक लोगों ने अभी तक पेंशन के लिए वार्षिक भौतिक सत्यापन नहीं कराया है।

जानकारी के अनुसार सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत विधवा, बुजुर्ग, दिव्यांग सहित अन्य पात्र लोगों को राज्य सरकार की ओर से पेंशन के माध्यम से आर्थिक संबल प्रदान करती है। साल में एक बार पेंशन के लिए भौतिक सत्यापन करवाना जरूरी होता है। समय पर भौतिक सत्यापन नहीं करवाने पर पेंशन मिलना स्वत: बंद हो जाता है। जिससे लाभार्थियों को फिर से पेंशन चालू करवाने के लिए दतरों में कई चक्कर काटने पड़ते है।

## भारतीय समाज सेवा संस्था का जयपुर जिला अध्यक्ष पद पर दिनेश प्रजापत मनोनीत



**जयपुर @ जागरूक जनता।** भारतीय समाज सेवा संस्था का विस्तार अब पूरे देश में हो रहा है, इसी क्रम में राजस्थान में भी राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल यादव के निर्देश अनुसार राजस्थान प्रदेश के उपाध्यक्ष फिरोज खान वारसी द्वारा प्रदेश भर में सदस्यता अभियान चला कर लोगों को जोड़ा जा रहा है और आमजन की समस्याओ की आवाज बुलंद की जा रही है इसी कड़ी में फिरोज खान वारसी ने सांगानेर तहसील के श्रीरामपुरा निवासी दिनेश प्रजापत को जयपुर जिला अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया। प्रदेश उपाध्यक्ष फिरोज खान वारसी ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था हमेशा जनहित के कार्य करती आई है आगे भी करती रहेगी हमारा मुख्य उद्देश्य लोगों की आवाज बनाना है साथ ही जयपुर जिला अध्यक्ष दिनेश प्रजापत ने बताया कि संस्था के बारे में अकसर अखबार के माध्यम से जानकारी मिलती रहती है और संस्था के अच्छे कार्यों को देखते हुए ही संस्था से जुड़कर लोगों की मदद करने का संकल्प लिया है इसी के साथ प्रजापत ने संस्था में जगह देने पर संस्था के पदाधिकारीयों का आभार व्यक्त किया है।

## कुलदीप वैदिक ज्योतिषी के लिए सम्मानित



**जयपुर @ जागरूक जनता।** इंजीनियर कुलदीप शर्मा वैदिक ज्योतिषी और केपी विशेषज्ञ ने आम लोगों को मुफ्त परामर्श दिया और उनकी समस्याओं के लिए उपाय बताए। साथ ही उन्हें उनके योगदान और ज्योतिष विज्ञान के विस्तार के लिए ज्योतिष गौरव से सम्मानित किया गया। शिव शक्ति ज्योतिष संस्थान के संस्थापक ज्योतिषी लक्ष्मी राय द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान महा मंडलेश्वर किन्नर अखाड़ा श्री श्री 1008 धैर्य गिरिजी महाराज भी उपस्थिति रहे।

## वैश्य महासभा की नवीन कार्यकारिणी घोषित, दिनेश प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान प्रदेश वैश्य महासभा की ओर से सोमवार को विद्याधर नगर में होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। साथ ही महासभा की नवीन कार्यकारिणी भी घोषित की गई। इससे पहले उपस्थित कार्यकारिणी की राय से वर्तमान कार्यकारिणी को भंग किया गया। मुख्य संस्थापक प्रकाश गुप्ता ने प्रदेशाध्यक्ष पद के लिए दिनेश पोद्दार के नाम की घोषणा की। महामंत्री प्रभात गुप्ता एवं रमेश चंद्र साबू, कोषाध्यक्ष किशन अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष भवानी माहेश्वरी, नथमल बंसल एवं डालचंद गुप्ता को बनाया गया। मनोज अग्रवाल को ट्रस्ट अध्यक्ष, ताराचंद गुप्ता को जिला अध्यक्ष, राजेश अग्रवाल को प्रदेश प्रभारी, मनोज चौधरी को प्रदेश समन्वयक, जितेंद्र अग्रवाल को प्रदेश प्रवक्ता, कुंज बिहारी खंडेलवाल को प्रदेश संयोजक, प्रतिभा नारनोली महिला अध्यक्ष, कविता परशुरामपुरिया महामंत्री कोषाध्यक्ष, जयपुर शहर अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल को मनोनीत किया। इस दौरान वैश्य एकता विषय पर चर्चा की और हर 2 माह में 1 मीटिंग करने का निर्णय लिया।

# देश सोचे, क्या आजादी के बाद शहीदों के सपने पूरे हुए-सोनी

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net



**जयपुर।** राजस्थान राष्ट्रभाषा प्रचार समिति की शहीद दिवस की पूर्व संध्या के मौके पर आयोजित विचार गोष्ठी में मौजूद विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने आह्वान किया कि देश इस बात का आंकलन करे कि क्या हम आज 77 साल बाद भी वो आजादी हासिल कर सके हैं जिसके लिए सरदार भगत सिंह, सुखदेव, राज गुरु जैसे लाखों क्रांतिकारियों ने हंसते हंसते जान कुर्बान कर दी।

मुख्य अतिथि एडवोकेट शंकर सोनी ने कहा कि शहीदों के सपनों के भारत का निर्माण अगर करना है तो शहीदों की याद को अपने दिलोदिमाग में ताजा रखनी होगी। हम उसी प्रयास में जुट हुए है। राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के महासचिव प्रकाश चतुर्वेदी ने कहा कि हमें हालात बदलने के लिए लोगों में आजादी के वक्त का जज्बा भरने की जरूरत है और यह जिम्मा नई पीढ़ी ले।

डॉ प्रीतम पाल ने कहा कि देश में आम आदमी की बोलने और अभिव्यक्ति की आजादी छीनी जा रही है। लोग सोचें कि क्या ऐसी ही आजादी के लिए शहीदों ने कुर्बानियां दी थी? अखिल भारतीय शांति एवं एकजुटता संगठन की सुनीता चतुर्वेदी ने देश की शिक्षण संस्थाओं में चल रहे माहौल पर अफसोस जताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पत्रकार देवेंद्र शास्त्री ने की। कार्यक्रम में मरुधरा किसान यूनियन के प्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया।

गोष्ठी में उपस्थित सभी सहभागियों ने सर्वसम्मति से चार प्रस्ताव भी पारित किए जिसमें पहला " देश मेंबनाये जा रहे कानूनों में जनता की भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए। दूसरा देश के शैक्षणिक माहौल कोडिशहीन होने बचाया जाए। तीसरा फलस्तीन के नरसंहार की भर्त्सना। चौथा हिंदी को राजभाषा से राष्ट्रभाषा बनाने की प्रक्रिया को तेज किया जाए एयर पांचवां देश में न्यायपालिका एयर कार्यपालिका जनता के हिट में काम करे। इस मौके पर आशीष गौतम, कैलाश घनचक्क ने भी विचार रखे। धीरेश जैन ने धन्यवाद ज्ञापित किया। अल्प आय परिवारों के लिए चलाए जा रहे विद्यालय के अध्यापकों और कर्मचारियों को दूर्वा शास्त्री की तरफ से ड्रेस दे कर सम्मानित किया गया।

## आपदा प्रबंधन, कानून और व्यवस्था और सड़क सुरक्षा में एनएसएस स्वयंसेवक की भूमिका पर विशेषज्ञ वार्ता



**जयपुर @ जागरूक जनता।** उद्यानिकी महाविद्यालय, दुर्गापुरा-जयपुर द्वारा 20-27 मार्च को आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर के तहत 'आपदा प्रबंधन, कानून और व्यवस्था और सड़क सुरक्षा में एनएसएस स्वयंसेवक की भूमिका' पर एक विशेषज्ञ सत्र आयोजित किया गया था। सत्र के मुख्य अतिथि और विशेषज्ञ राकेश कुमार बैरवा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, इंटेलिजेंस ब्यूरो, जयपुर थे। अधिष्ठाता डॉ. एल एन बैरवा, ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और एसकेएनएयू जोबनेर और उद्यानिकी महाविद्यालय, दुगापुरा का संक्षिप्त विवरण दिया। एनएसएस प्रभारी डॉ. विजय पाराशर और डॉ. भारती शौकीन के साथ, अन्य संकाय सदस्य और गैर-शिक्षण कर्मचारी भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। राकेश कुमार बैरवा, अधिष्ठाता डॉ. एल एन बैरवा ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। सत्र में 60 से अधिक एनएसएस छात्रों ने भाग लिया।

**पुस्तक समीक्षा : सांसों की निनाद**

# संघर्ष, प्रेम, मातृत्व, राष्ट्रभक्ति, और सांस्कृतिक मूल्यों का अनूठा संग्रह

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net



**जयपुर।** डॉ. आरती सिंह भदौरिया द्वारा रचित 'सांसों का निनाद' कविता संग्रह जिसका विमोचन संपर्क संस्थान के सानिध्य में हाल ही में हुआ है,जीवन की विविध भावनाओं, मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक सरोकारों की अनुगूंज है। यह संग्रह केवल कविता का संकलन भर नहीं है, बल्कि इसमें जीवन के हर पहलू–संघर्ष, प्रेम, मातृत्व, राष्ट्रभक्ति, और सांस्कृतिक मूल्यों की अनुगूंज गहराई से महसूस की जा सकती है। लेखिका ने अपनी अनुभूतियों को इतनी सहजता और सशक्तता से व्यक्त किया है कि हर कविता पाठक के मन में एक गहरी छाप छोड़ जाती है।

इस संग्रह की कविताएँ समाज के उन अनछुए पहलुओं को उजागर करती हैं, जिन पर अक्सर हम नजरअंदाज कर देते हैं। 'राम तुम्हारे कितने नाम' कविता धर्म और संस्कृति की बहुलता को दर्शाती है, वहीं 'आधी आबादी' कविता में महिलाओं के संघर्ष और उनके अस्तित्व की पहचान को सशक्त रूप में प्रस्तुत किया गया है। 'मैं किताब हूँ' कविता ज्ञान की महत्ता और एक पुस्तक के आत्मसंघर्ष को बेहद संवेदनशील अंदाज में व्यक्त करती है। इसी तरह 'हिंदी मेरी आत्मा, मेरी शान' कविता में हिंदी भाषा के प्रति उनका गहरा लगाव और गौरव की भावना मुखर रूप में उभरती है।

डॉ. आरती सिंह भदौरिया की लेखनी में एक विशेष आकर्षण उनकी सरल, सहज और प्रवाहमयी भाषा है, जो पाठकों को सहजता से अपनी ओर खींच लेती है। उनकी कविताओं में न केवल विचारों की गहराई है, बल्कि भावनाओं की तीव्रता भी स्पष्ट रूप से महसूस की जा सकती है। प्रतीकात्मकता और बिंबों का सुंदर प्रयोग उनकी कविताओं को अधिक प्रभावशाली बनाता है। उनकी कविताएँ पाठकों को आत्ममंथन के लिए प्रेरित करती हैं और समाज में व्याप्त विसंगतियों पर गंभीर प्रश्न उठाती हैं।

यह कविता संग्रह नारी चेतना, सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्रप्रेम की भावना को एक नई ऊँचाई देता है। लेखिका ने अपनी कविताओं में मातृत्व के सम्मान, समाज में स्त्री की स्थिति और सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को बखूबी व्यक्त किया है। उनकी कविताएँ कहीं भावुक कर देती हैं, तो कहीं प्रेरणा से भर देती हैं। खासकर 'हिंदी मेरी आत्मा' जैसी रचनाएँ भाषा के प्रति उनकी गहरी आस्था और सम्मान की भावना को प्रकट करती हैं।

'सांसों का निनाद' न केवल एक कविता संग्रह है, बल्कि यह समाज में बदलाव की आवाज भी है। यह संग्रह पाठकों को संवेदना के उन कोमल धरातलों पर ले जाता है, जहाँ हर भावना जीवंत हो उठती है। डॉ. आरती सिंह भदौरिया की लेखनी में मानवीय मूल्यों के प्रति सम्मान, सामाजिक न्याय की आकांक्षा और सांस्कृतिक विरासत की झलक साफ दिखाई देती है। यह संग्रह साहित्य प्रेमियों के लिए एक बहुमूल्य धरोहर है और समाज की उन आवाजों को स्वर देता है, जिन्हें अक्सर दबा दिया जाता है।

## फागोत्सव एवं होली स्नेह मिलन आयोजित



**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान ब्राह्मण महासभा खण्ड इकाई, शास्त्री नगर द्वारा सैक्टर-4, विद्याधर नगर स्थित गौड़ ब्राह्मण महासभा के समाजोपयोगी भवन में फागोत्सव स्नेह मिलन का आयोजन हुआ। इस अवसर पर समाज की अनेक महिलाएं व पुरुष फूलों की होली खेलकर श्रीकृष्ण और राधाजी को रिझाने के लिए भजन गायन एवं नृत्य का आयोजन किया गया। राजस्थान ब्राह्मण महासभा शीर्ष संस्था के अध्यक्ष केसरी चन्द , भंवर लाल शर्मा ने खण्ड इकाई अध्यक्ष एसके शर्मा पी.डी. शर्मा उपाध्यक्ष महानगर एवं सत्यनारायण शर्मा उद्योगपति तथा सभी समाजसेवी उपस्थित थे। इस अवसर पर महंत कैलाश गौड़ की गरिमामयी उपस्थिति एवं उनके भजन गायन से सभी ने आध्यात्मिक आनन्द लिया।

## देवनानी ने केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव के पिता के निधन पर व्यक्त किया शोक, पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने मंगलवार को केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव के पैतृक ग्राम जमालपुर पहुंचकर उनके पिता स्व. कदम सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया। देवनानी ने यादव और परिवारजन के प्रति अपनी गहरी संवेदनायें व्यक्त की। देवनानी ने स्व. सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। विधान सभा अध्यक्ष देवनानी ने दिवगंत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को शक्ति प्रदान करने के लिये परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की।

### कोटा विश्वविद्यालय का प्रथम औद्योगिक अकादमिक सम्मेलन

# पर्यटन, शिक्षा और कौशल विकास से होगी आर्थिक समृद्धि-राज्यपाल

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net



**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि पर्यटन आर्थिक विकास का उत्प्रेरक है। भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति में पर्यटन एक अभिन्न अंग के रूप में सदियों से विद्यमान रहा है। उन्होंने कहा कि भारत में चारधाम यात्रा एवं अन्य धार्मिक यात्राओं की प्राचीन परंपरा रही है, जो लोगों को आध्यात्मिक और सांस्कृतिक रूप से जोड़ती है। राज्यपाल मंगलवार को कोटा विश्वविद्यालय के प्रथम औद्योगिक अकादमिक सम्मेलन में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पर्यटन रोजगार और आर्थिक विकास से सीधा जुड़ा हुआ है। उन्होंने भारतीय स्थापत्य कला की प्रशंसा करते हुए कहा कि भारतीय मंदिरों और ऐतिहासिक धरोहरों की नक्काशी और विशिष्ट कलाकृतियों के कारण वे आज वैश्विक पहचान बना चुके हैं। उन्होंने कहा कि सिंगापुर जैसे देश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह पर्यटन पर निर्भर है। भारत में भी पर्यटन को इसी दृष्टि से विकसित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कोटा शहर चंबल नदी के किनारे स्थित होने के कारण प्राकृतिक सौंदर्य और ऐतिहासिक महत्व रखता है। कोटा में एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होने की अपार संभावनाएं हैं।

राज्यपाल ने कौशल विकास पर जोर देते हुए कहा कि कौशल रोजगार और रोटी की गारंटी देता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पर्यटन और कौशल विकास साथ-साथ चलते हैं। यदि युवाओं को पर्यटन उद्योग से जोड़ते हुए उन्हें आवश्यक कौशल प्रदान किया जाए, तो इससे रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी। उन्होंने होटल उद्योग, टूर गाइड, इको-टूरिज्म और सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

राज्यपाल ने राजस्थान के किलों, हवेलियों, मंदिरों, वन्यजीव अभयारण्यों और पारिस्थितिकी तंत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि राजस्थान देश और विदेश के पर्यटकों के लिए हमेशा आकर्षण का केन्द्र रहा है। उन्होंने कहा कि पर्यटन एक ऐसा उद्योग है जो अन्य छोटे व्यवसायों को भी प्रोत्साहित करता है, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसरों में वृद्धि होती है।

मुख्य वक्ता हिमाचल प्रदेश की सेंट्रल यूनिवर्सिटी के प्रो. संदीप कुलश्रेष्ठ ने कहा कि भारतीय संस्कृति में "अतिथि देवो भव" की अवधारणा प्राचीन काल से चली आ रही है। उन्होंने कहा कि भारत में हमेशा से ही लोगों का एक स्थान से दूसरे स्थान पर भ्रमण होता आया है, जिसका उल्लेख वेदों और रामायण-महाभारत में भी मिलता है। सम्मेलन में पर्यटन से जुड़े छात्रों के साथ शिक्षा ,पर्यटन एवं उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया।



**अलवर @ जागरूक जनता।** गाँव टोड़ा नागर, किसान दिलीप दीक्षित, मोहनलाल, कजोड़ी राम, इंदरराज और करतार गुर्जर के खेत पर गेहूं फसल को भरने से पहले खेत पर सुखाते हुए।

## गेहूं-चने पर सूर्य का हंटर

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**अलवर।** इस साल गेहूं उत्पादक किसानों को दोहरी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। गेहूं की बढ़ती कीमते किसानों को फीलगुड़ करा रही है। वहीं, चढ़ता पारा उत्पादन को औधें मुहं गिराने जैसी स्थिति पैदा कर रहा है। मौसम के मिजाज ऐसे ही बने रहे तो उत्पादन में बड़ा नुकसान किसानों को उठाना पड़ सकता है। गौरतलब है कि प्रदेश के अधिकांश जिलो का तापमान 40 के करीब पहुंच चुका है। इससे गेहूं की फसल समय पूर्व पकने की स्थिति बन चुकी है। कृषि वैज्ञानिकों का कहना है कि मौसम की थर्ड डिग्री गेहूं-जौ फसल के मुफीद नहीं कही जा सकती है। पारे का क्रम ऐसा ही बना रहा तो उत्पादन में बड़ा नुकसान देखने को मिलेगा। दाना कमजोर रहने से किसानों को बाजार भाव का उचित लाभ नहीं मिल पायेगा। उल्लेखनीय है कि गेहूं का आयात करने वाले देशों की नजरें गेहूं के लिए भारत की ओर है। इसके चलते मार्च के पहले पखवाड़े के भीतर ही गेहूं की कीमतों में उछाल देखने को मिला है। लेकिन, प्रदेश में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ ने किसानो की चिंता बढ़ा दी है। कृषि वैज्ञानिको ने बताया कि फसल पकाव तक तापमान 25-28 डिग्री सेल्सियस तक उपयुक्त माना गया है। पारा इससे ज्यादा जाने की दशा में फसल में नुकसान की संभावनाओं को बल मिलना शुरू हो जाता है। उन्होंने बताया कि ज्यादा तापमान से फसल जल्द पकाव की स्थिति में आ जाती है।

### सीसीआरएएस की कौशलपूर्ण गतिविधियों की समीक्षा एवं योजना हेतु

## 'सीसीआरएएस-अवलोकन-2025' आयोजित

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net



**जयपुर।** आयुष मन्त्रालय भारत सरकार के अधीनस्थ केन्द्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली द्वारा 2 दिवसीय सीसीआरएएस की कौशलपूर्ण गतिविधियों की समीक्षा एवं योजना हेतु "सीसीआरएएस-अवलोकन-2025" का आयोजन महाराव शेखाजी क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, बनीपार्क, जयपुर द्वारा राजस्थान इंटर्नेशनल सेंटर जयपुर में किया गया, जिसमें परिषद् मुख्यालय, नई दिल्ली के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ देशभर के 25 राज्यों से अनुसंधान संस्थान के संस्थान प्रमुखों ने प्रतिभागिता की। उदघाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. रबि नारायण आचार्य महानिदेशक, सीसीआरएएस, नई दिल्ली ने की तथा मुख्य अतिथि वैद्य जयन्त देव पुजारी अध्यक्ष, एनसीआईएसएम, आयुष मन्त्रालय, भारत सरकार और विशिष्ट अतिथि प्रो. संजीव कुमार शर्मा कुलपति, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (मानद विश्वविद्यालय) जयपुर रहे।

कार्यक्रम में आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के प्रतिनिधि के रूप में सत्यजीत पाल उपमहानिदेशक, आयुष मन्त्रालय, विश्वजीत घौष (परामर्शदाता), अपर्णा बतर, अनुभाग अधिकारी, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार एवं सीसीआरएएस से डॉ. एन. श्रीकान्त उप महानिदेशक, दीपक कोछड़ उपनिदेशक (प्रशासन), डॉ. प्रताप माखीजा सहायक निदेशक, प्रशासनिक अधिकारी ए.के.मीणा, सीताराम मीणा एवं रेणु राजन व परिषद् मुख्यालय की तकनीकी एवं प्रशासनिक टीम एवं परिषद् के अधीन सभी 30 अनुसंधान संस्थानों के संस्थान प्रमुखों के साथ जयपुर संस्थान प्रभारी डॉ. बीआर मीणा और संस्थान के सभी अधिकारी उपस्थित रहें।

वर्ष 2024-25 के दौरान गुणवत्ता प्रमाण-पत्र प्राप्त करने वाले संस्थान प्रमुखों को मानक एवं प्रत्यानयन प्रमाण-पत्र प्रदान किये गये। वर्ष 2024-25 के दौरान जिन संस्थानों को आईएसओ 9001-2015 प्रमाण -पत्र नहीं मिला उनको 2025-26 तक प्राप्त करने का लक्ष्य प्रदान किया गया है।

परिषद् महानिदेशक तथा सभी संस्थान प्रमुखों ने महाराव शेखाजी क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, जयपुर द्वारा कार्यक्रम के बेहतरीन प्रबंधन एवं व्यवस्था उपलब्ध करवाने के लिये डॉ. बी. आर. मीणा एवं उनकी टीम की प्रशंसा की गई। अंत में महाराव शेखाजी क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान जयपुर के संस्थान प्रमुख डॉ. बी. आर. मीणा ने परिषद् महानिदेशक एवं सीसीआरएएस मुख्यालय, नई दिल्ली की टीम को इस कार्यक्रम के आयोजन की जिम्मेदारी जयपुर संस्थान को दिये जाने के लिये आभार व्यक्त किया।

## अवैध खनन पर कार्यवाही

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**डीग।** जिले की पहाड़ी थाना पुलिस द्वारा नागल क्रेशर जॉन से 3 एलएनटी मशीन और 4 डंपर जब्त किए गए जबकि अवैध खनन माफिया अपने वाहनों को मौके पर छोड़कर वहां से फरार हो गए। पुलिस द्वारा खनिज विभाग को कार्रवाई की सूचना देकर मौके पर बुलाया गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार कई दिनों से नागल क्रेशर जॉन में अवैध खनन की शिकायत मिल रही थी। पुलिस टीम जब मौके पर कार्रवाई करने के लिए पहुंची तो खनन माफिया अपने वाहनों को मौके पर ही छोड़कर पहाड़ों से होकर फरार हो गए। पुलिस द्वारा मौके से 3 एलएनटी मशीन और 4 डंपर को जब्त किया गया है। पुलिस द्वारा कार्रवाई की सूचना खनिज विभाग को दी गई। पुलिस खनन करने वाले लोगों की पहचान करने की कोशिश कर रही है जिससे उनके खि़लाफ़ सख़्त कार्रवाई की जाएगी।

## विश्व स्तरीय अग्रवालों की अग्रणी संस्था अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन "मोटी सेठानी" फिल्म के प्रचार प्रसार में निभा रही हैं अहम भूमिका

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net



**झुंझुनूं।** श्री दादी जी के परम भक्त मूलतः झुंझुनूं निवासी, शेयर मार्केट व कपड़ा व्यवसाय से जुड़े प्रतिष्ठित बिजनेसमैन राणा संजय तुलस्यान ने मोटी सेठानी फिल्म का निर्माण किया है इन्होंने श्री दादीजी के जीवन चरित्र को एक फिल्म के माध्यम से आम जन तक पहुंचाने का मैराथन प्रयास किया है। अब यह फिल्म बन कर तैयार हो चुकी है, जिसकी विधिवत रिलीज की घोषणा भी की जा चुकी है। इस संदर्भ में राणा संजय तुलस्यान ने कहा कि फिल्म 27 फरवरी से पूरे देश में रिलीज हो गयी है और अभी तक 200 से ज्यादा शहरों दिखाई जा रही है ! सभी शो हाउसफुल हो रहें है ! अधिक से अधिक दर्शक इस फिल्म को देख कर श्री दादीजी का आशीर्वाद प्राप्त कर सकते है। झुंझुनूंवाली श्री दादीजी की जीवन गाथा पर पहली बार बड़े पर्दे की फिल्म बनी है जो 26 फरवरी 2025 महा शिवरात्रि को जयपुर में प्रीमियर व 27 फरवरी से पूरे भारत मे रिलीज हो गयी हैं।

श्री दादी जी, जिनको नारायणी के नाम से जाना जाता है, तीन लोक और दसों दिशाओं में जिनकी अमर कहानी है। भक्तों को सदा छप्पर फाड कर देने वाली है श्री दादी "मोटी सेठानी"। द्वापर में विराट की पुत्री, अभिमन्यु की पत्नी, श्री कृष्ण की भाणंज को गर्भवती होने के कारण श्री कृष्ण ने सती होने से रोक लिया था, जब अभिमन्यु महाभारत में वीरगति को प्राप्त हुए थे! श्री कृष्ण ने उत्तरा को वरदान दिया था कि, कलयुग में उनकी यह इच्छा पूरी होगी और सतीयों की सिरमौर होगी ! कलयुग में मुझसे पहले तेरा नाम होगा ! जगदम्बा जगत जननी महालक्ष्मी महाशक्ति के नाम से पूजी जायेगी ! वही उत्तरा कलयुग में नारायणी "मोटी सेठानी" के नाम से जानी जाती है ! झुंझुनूं में इनका बड़ा ही विशाल मंदिर है जो कि भारत का सबसे बड़ा मंदिर है, और विश्वभर में 950 से भी ज्यादा मंदिर है। विदेशों में अमेरिका, लंदन, हॉन्गकॉन्ग, बैंकॉक, बर्मा, काठमांडू, रंगून इत्यादि भी मंदिर है। इनके जीवन गाथा पर श्री दादीज़ी के सेवक राणा संजय तुलस्यान भीलवाड़ा ने माँ की प्रेरणा से "मोटी सेठानी" नाम की बड़े पर्दे की फिल्म बनाई है। फिल्म की शूटिंग झुंझुनूं के अलसीसर गाँव में की गई। 250 से भी ज्यादा लोग इस फिल्म से जुड़े जिसमें कलाकार, टेक्निकल टीम, सिंगर व अन्य ने 30 दिन मे शूटिंग पूरी की है। रासदा तनधन के बैनर मे बनी इस फ़िल्म के निर्माता डायरेक्टर राणा संजय तुलस्यान, राइटर रमन द्विवेदी, म्यूजिक डायरेक्टर सतीश देहरा है। फिल्म की पटकथा स्व. रमाकांतजी द्वारा रचित श्री नारायणी चरित मानस पर आधारित है। झुंझुनूंवाली श्री दादीजी के विश्वभर में करोड़ों भक्त है जिनका अटूट विश्वास है कि माँ सबकी झोलीयां भरती है और मन मांगता देती है! "मोटी सेठानी" के चर्चे पर्चे घर घर में प्रचलित है! श्री नारायणी का मंगल पाठ जो हर घर गाया जाता है वो मंगल पाठ अब सब बड़े पर्दे पर देख भी सकते है! फिल्म की आय श्री राणी सतीजी वर्ल्ड वाइड फाउंडेशन द्वारा श्री दादी जी के बताये हुए जनहित कार्यों में लगाया जायेगा। "मोटी सेठानी" फिल्म की जानकारी गूगल, फैशबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब इत्यादि पर देख सकते है।

> **इस फिल्म को बनाकर संजय राणा तुलस्यान जी एवं रानी सती दादी का किरदार निभाकर अन्यया बुबना, मधुबनी (बिहार) ने हम सभी अग्रवालों को गोरवान्वित किया है। अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन की सभी शाखाओं के सदस्य एकजुट होकर बड़े चाव से हमारी धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहर को दर्शाने वाली इस फिल्म को बड़े चाव से देख रहे हैं, हम सभी से अपील करते है कि अपने इष्ट मित्रों एवं परिवार सदस्यों सहित इस मूवी को अवश्य देखें एवं अन्य को भी प्रेरित करें।**
>
> **राज कुमार मित्तल, अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष**

## कब्रिस्तान में अवैध निर्माण कार्य को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन



**भरतपुर @ जागरूक जनता।** जवाहर नगर स्थित कब्रिस्तान की दीवार तोड़कर प्रिन्स फायर वर्क्स द्वारा गेट निकालने के विरोध में कब्रिस्तान की पैमाईश कर निर्माणकार्य को बंद करवाने के लिए मुस्लिम समाज द्वारा विरोध प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया है कि जवाहर नगर में खसरा नम्बर 1014, 1015, 1016 गत खसरा नम्बर 855, 863, 936, 937 व अन्य खसरान नम्बरान रियासत काल से ही राजस्व रिकार्ड सार्वजनिक गैर मुमकीन कब्रिस्तान दर्ज चली आ रही है। प्रिन्स फायर वर्क्स फर्म नवभारत फायर वर्क्स इन्डस्ट्रीज, बीनारायण गेट दरवाजा, भरतपुर औधोगिक फैक्ट्री के मालिक रमेशचन्द नारंग पुत्र खानचन्द द्वारा अवैद्य कॉलोनी काटकर कब्रिस्तान की भूमि में होकर आम रास्ता निकाला जा रहा है, जिसको लेकर समस्त मुस्लिम समाज में रोष एवं आक्रोष व्याप्त है। न्यायालय राजस्व मण्डल अजमेर के कब्रिस्तान के सन्दर्भ में दिये गये निर्णय दिनांक 12 दिसम्बर 1966 स्वीकृत रेफरेन्स की राजस्य भू अभिलेख में इन्द्राज कराकर निर्णय की पालना सुनिश्चित कराई जाये। मुस्लिम समाज का निवेदन है कि शाही कब्रिस्तान जवाहर नगर, बी नारायण गेट, भरतपुर स्थित प्रिन्स फायर वर्क्स द्वारा दीवार तोडकर गेट निकाला जा रहा है उसे बन्द कराकर फिर से दीवार बनवाई जाए ।

### समाज में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए ली शपथ

## बियानी कॉलेज में ब्रेस्ट वेलनेस पर संवाद और शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net



**जयपुर।** बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेस और भगवान महावीर कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में "ब्रेस्ट वेलनेस अपडेट पर संवाद कार्यक्रम" एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और गणेश वंदना के साथ हुआ, जिसमें मुख्य वक्ता वरिष्ठ परामर्शदाता एवं प्लास्टिक सर्जन डॉ. भगवत स्वरूप माथुर, अधीक्षक रेणु रस्तोगी, आयोजक कॉलेज के एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. संजय बियानी, नर्सिंग प्रिंसिपल लथा पी.एस.,वाइस प्रिंसिपल जीशु जॉर्ज और संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

इस अवसर पर डॉ. भगवत स्वरूप माथुर ने ब्रेस्ट ट्रांसप्लांट और इससे जुड़ी नवीनतम जानकारियों को साझा किया। उन्होंने ब्रेस्ट रिकंस्ट्रक्शन तकनीकों, सुरक्षा उपायों, और आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही, उन्होंने इस प्रक्रिया के लाभ, संभावित जटिलताओं और मरीजों की देखभाल के महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी प्रकाश डाला, जिससे नर्सिंग छात्राओं को इस क्षेत्र में गहरी समझ विकसित करने में सहायता मिली।

वहीं, डायरेक्टर डॉ. संजय बियानी ने अपने प्रेरणादायक विचारों से छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने स्वास्थ्य सेवा में नर्सिंग पेशे की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया और छात्राओं को समर्पण, करुणा और उत्कृष्टता के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान बीएमसीएचआरसी की अतिरिक्त नर्सिंग अधीक्षक सुश्री रेणु रस्तोगी ने नर्सिंग छात्रों को शपथ ग्रहण कराया, जिसमें उन्होंने स्वास्थ्य सेवा और देखभाल के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने की प्रतिज्ञा ली। यह आयोजन नर्सिंग छात्राओं को जागरूक करने और उन्हें समाज में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रेरित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।



## निर्वाणी अखाड़ा परिषद के महामंत्री ने देखी नर सेवा- नारायण सेवा

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**उदयपुर।** अयोध्या हनुमानगढ़ी के महंत एवं निर्वाणी अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री श्री सत्यदेव महाराज ने मंगलवार को नारायण सेवा संस्थान के निःशुल्क दिव्यांग चिकित्सा शिविर का उद्घाटन किया एवं सेवा प्रकल्पों का अवलोकन किया। संस्थान संस्थापक पद्मश्री कैलाश 'मानव', अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल और निदेशक वंदना अग्रवाल ने उनका पुष्पहार, पाग व उपरणा ओढ़ाकर स्वागत किया। उनके साथ फतह नगर स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर के महंत श्री शिव शंकर दास महाराज भी थे। स्वागत समारोह में विष्णु शर्मा हितैषी, अनिल आचार्य, कुलदीप सिंह शेखावत, गोविंद सोलंकी, महिम जैन सहित बड़ी संख्या में दिव्यांग व उनके परिजन मौजूद थे।

## कैदी बेचेंगे पेट्रोल-डीजल, 24 घंटे खुला रहेगा पंप

**सीकर @ जागरूक जनता।** जिला कारागृह के कैदी अब पेट्रोल व डीजल बेचकर अपना परिवार पालेंगे। इसके लिए शिवसिंहपुरा स्थित जेल के बाहर पेट्रोल पंप खुलेगा। 24 घंटे खुले रहने वाले पंप में कर्मचारियों को तीन शिफ्ट में रोजगार मिलेगा। सुप्रीम कोर्ट के आदेश की पालना में बन रहे इस पेट्रोल पंप के लिए जेल विभाग ने कवायद शुरू कर दी है। दो महीने में पेट्रोल पंप शुरू होने की संभावना है। इधर इस बीच पेट्रोल पंप की जगह को लेकर विवाद भी गहरा गया है। जेल के सामने स्थित ग्रामीण शिक्षण संस्थान व मनसुख रणवां मनु स्मृति संस्थान ने पंप की जगह को लेकर आपत्ति जताते हुए उसे बदलने की मांग की है।

आईओसीएल के पेट्रोल पंप का संचालन अच्छे आचरण वाले ओपन जेल के बंदी करेंगे। वर्तमान में सीकर के कारागृह में 37 बंदी हैं। इन्हें तीन पारियों में काम करने के लिए रोटेशन से नियुक्त किया जाएगा। काम के बदले प्रति बंदी को करीब 450 रुपए वेतन मिलेगा। सुरक्षा के लिए यहां हर समय सिपाही तैनात होंगे। पंप पर कोई भी वाहन चालक पेट्रोल-डीजल ले सकेगा।

## जागरूक खबरें

### लखारा समाज की महिलाओं ने सजाया सेवरा



**उदयपुर @ जागरूक जनता।** लखारा समाज मातृशक्ति की महिलाओं ने टाऊन हॉल में सेवरे का आयोजन किया। गणगौर पूजन पर महिलाओं ने फूलों से सेवरे को सजाया और घूमर करते हुए विभिन्न मुद्राओं से गणगौर को रिझाने के जतन किए। महिलाएं गीतों के साथ सेवरा लेकर गणगौर स्थानक पर पहुंची और फूल चढ़ाकर सुख और समृद्धि की कामना की। इस दौरान समाज की बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई।

## कर्नल (मानद) पार्वती को "बलोचिस्तान का सर्वोच्च सम्मान"

जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net



**जोधपुर।** बलूचिस्तान और भारत के बीच सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंधों को मजबूत करने के प्रतीक के रूप में, कर्नल(मानद) पार्वती जांगिड़ सुथार को बलूच संस्कृति का सर्वोच्च सम्मान बलोची दस्तार पुरस्कार प्रदान किया गया। यह सम्मान बलूच परंपरा में गर्व, सम्मान और प्रतिष्ठा का प्रतीक है। यह सम्मान "बलोचिस्तान स्वतंत्रता आंदोलन" के नायक ह्यर्बएयर मैरी बलोच के निर्देश पर भारत में बलूचिस्तान के प्रतिनिधि मीर यार बलोच ने बलूचिस्तान के लोगों की तरफ़ से दिल्ली में सुश्री जांगिड़ को प्रदान किया। इस अवसर पर बलूचिस्तान के प्रतिनिधि मीर यार बलोच ने कहा की यह पुरस्कार उन्हें उनकी मातृभूमि भारत के प्रति अटूट प्रेम और दशकों से राष्ट्र के लिए किए गए अतुलनीय योगदान तथा भारत के साथ साथ विश्व भर में बलूच स्वतंत्रता आंदोलन के प्रति जागरूकता फैलाने और भारतीय जनता को इस मुद्दे से अवगत कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रदान किया गया है।

## झाडोल के स्वयं सहायता समूहों ने पारंपरिक बांधनी कला संग सीखे कृषि के व्यावसायिक प्रशिक्षण




**उदयपुर @ जागरूक जनता।** राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, कृषि विभाग, जयपुर एवं अखिल भारतीय कृषिरत महिला अनुसंधान परियोजना, महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में झाडोल व फलासिया के 10 स्वयं सहायता समूह की लगभग 150 महिला सदस्यों एवं गुडली व लोयरा की 75 महिला सदस्यों ने गत एक माह में राजस्थान की पारंपरिक कला के साथ कृषि के विभिन्न व्यावसायिक प्रशिक्षण जैसे मशरूम की खेती, वर्मी कंपोस्ट, बकरी पालन व मुर्गी पालन पर पूर्णतया प्रायोगिक प्रशिक्षण प्राप्त कियेद्ध परियोजना प्रभारी डॉ. विशाखा बंसल ने बताया कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत वर्ष 2025 से 2027 तक झाडोल व फलासिया की 150 महिलाओं को स्वयं सहायता समूह में गठित कर विभिन्न रोजगारों के प्रशिक्षण उपलब्ध करवा कर स्वरोजगार हेतु प्रेरित करना व स्वयं का रोजगार स्थापित करने में सहायता करना है। योजना अंतर्गत अब तक 10 स्वयं सहायता समूहों का गठन कर उनको बैंक से जोड़ दिया गया है एवं सभी सदस्यों को पांच विधाओं में दो दिवसीय प्राथमिक प्रशिक्षणों के माध्यम से प्रशिक्षित किया जा चुका है। वर्ष 2026 में इन सभी सदस्यों को स्वरोजगार करने हेतु निरंतर फॉलोअप प्रशिक्षणों एवं तकनीकी मार्गदर्शन द्वारा प्रेरित किया जाएगा साथ ही रोजगार प्रारंभ करने हेतु प्रतापधन किस्म केमुर्गी के चूजोंकी20 यूनिट, सिरोही नस्ल के तीन बकरे, मशरूम की 30 यूनिट एवं वर्मी कंपोस्ट की 30 यूनिट प्रोत्साहन स्वरूप दिए जाएंगे जिससे कि यह महिलाएं सीधे ही स्वरोजगार से जुड़ पायेगी। राजस्थान की बांधनी कला के बढ़ते आकर्षण के कारण इस कला का दो दिवसीय प्रायोगिक प्रशिक्षण 24 और 25 मार्च को अनुसंधान निदेशालय में आयोजित किया गया।

# द्वितीय अग्र विभूति अलंकरण समारोह 12 जून को, खाटू में अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष ने देखी व्यवस्थाएं

जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net



**कोलकाता।** अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन केंद्रीय मुख्यालय के तत्वाधान में मथुरा एवं मथुरा महानगर जिला इकाई के आतिथ्य में बाबा श्याम की नगरी खाटू धाम में 12 जून को आयोजित द्वितीय अग्र विभूति अलंकरण समारोह 2025 की तैयारियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष राज कुमार मित्तल अपने वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ पहुंचे खाटू धाम। जहां उन्होंने सर्वप्रथम बाबा खाटू धाम के दर्शन कर कार्यक्रम की सफलता के लिए बाबा से आशीर्वाद प्राप्त किया साथ ही अध्यक्ष राज कुमार मित्तल खाटू धाम में स्थित अलंकरण समारोह के कार्यक्रम छत्तीसगढ़ भवन पहुंच कर वहां आवास व्यवस्था,कार्यक्रम स्थल का हाल, भोजन व्यवस्था ,इवेंट सहित अन्य तैयारियों का भी जायला लिया। साथ ही, पूरी व्यवस्थाओं से भी रूबरू हुए। इस दौरान खाटू धाम पहुंचे अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष राज कुमार मित्तल ने एक भेट वार्ता में बताया कि बाबा श्याम की कृपा से द्वितीय अग्र अलंकरण का आयोजन खाटू नगरी में प्रस्तावित हैं। इस कार्यक्रम में देश विदेश में निवासरत अग्रवाल समाज की 36 अलग अलग क्षेत्रों में अपने कार्यों से अग्र कुल को गौरांवित करने वाली महान विभूतियों को अग्रवाल समाज के प्रायोजक परिवारों के सहयोग से उनकी गरिमामय उपस्थिति में सम्मानित किया जाएगा वही इस आयोजन के दौरान अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा आने वाले दिनों के लिए अपनी संगठन संबंधी कार्ययोजना भी तैयार की जाएगी।



अध्यक्ष मित्तल ने बताया कि 12 जून के इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न स्थानों से लगभग 1000 की संख्या में समाज के गणमान्य सदस्य पहुंचेंगे एवं आगुंतक सदस्यों के लिए अग्रिम पंजीयन की व्यवस्था की गई है ताकि सभी सम्माननीय सदस्यों के आवास एवं अन्य सभी व्यवस्थाओं की सुचारू व्यवस्था हो सके साथ ही साथ समाज के सभी सदस्य अग्रिम पंजीयन करवा कर इन सभी व्यवस्थाओं का लाभ ले सकते हैं इस कार्यक्रम के दौरान प्रायोजक परिवार एवं चयनित विभूति परिवार के लिए रुकने के लिए सम्पूर्ण व्यवस्था निःशुल्क की गई है।

मित्तल ने बताया कि 12 जून का कार्यक्रम बड़े ही भव्य रूप से आयोजित किया गया है तथा इसके लिए अग्रवाल समाज के देश विदेश में निवासरत अग्र बंधुओं से आवेदन के माध्यम से जानकारियां मंगाई गई है तथा इन जानकारी के आधार पर निर्णायक कमेटी द्वारा उनका चयन कर कार्यक्रम से एक माह पूर्व ही इसकी चयनित सूची जारी कर दी जाएगी खाटू धाम पहुंचे राज कुमार मित्तल ने इस दौरान अंतर्राष्टीय अग्रवाल सम्मेलन परिवार के गणमान्य सदस्यों से मुलाकात कर उनसे पूरे कार्यक्रम की तैयारी को लेकर भी चर्चा की है ।

ज्ञात हो कि अंतर्राष्टीय अग्रवाल सम्मेलन का द्वितीय अग्र विभूति अलंकरण समारोह का आयोजन होना है तथा इस आयोजन को लेकर सभी तैयारियां प्रारंभ हो चुकी हैं एवं प्रथम अलंकरण समारोह का आयोजन बीते वर्ष 8 जून को संपन्न हुआ था एवं खाटू धाम के कार्यक्रम को लेकर पूरे दुनिया के अग्रवाल समाज के सदस्यों में भी काफी उत्साह देखा जा रहा है,तो वही अंतर्राष्टीय अग्रवाल सम्मेलन राष्ट्रीय संयोजिका अग्र विभूति अलंकरण 2025 सम्माननीया उमा बंसल, संस्थापक कोषाध्यक्ष गणेश भरतीया, राष्ट्रीय संरक्षक अजय कांत गर्ग, राष्ट्रीय सचिव कृष्ण कन्हैया गोयल, राष्टीय संयोजिका महिला इकाई सुशीला फरमानिया, राष्ट्रीय संगठन मंत्री पवन कुमार मित्तल, केंद्रीय मुख्यालय मुख्य प्रबंधक आलोक चौधरी, राष्ट्रीय महिला संरक्षिका वसुंधरा मित्तल एवं आयोजन समिति के अन्य सभी गणमान्य सदस्य भी अपने अपने स्तर पर इस अलंकरण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जुटे हुए हैं एवं अध्यक्ष राज कुमार मित्तल से प्राप्त जानकारी के अनुसार 36 महान विभूतियों के लिए लगभग 200 से ज्यादा आवेदन प्राप्त हो चुके हैं एवं 15 अप्रैल तक आवेदन लिए जाएंगे एवं उसके पश्चात एक सप्ताह के अंदर सभी प्राप्त आवेदनों से चयनित विभूति का चयन किया जाएगा।

## कांस्य पदक जीतने पर कांस्टेबल गुंजन को पुलिस अधीक्षक की बधाई




जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**धौलपुर।** 18वीं सीनियर वूशु प्रतियोगिता का आयोजन अजमेर राजस्थान में किया गया। जिसमें जिला वूशु संघ धौलपुर खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिला वूशु संघ धौलपुर के अध्यक्ष विक्रांत मुद्गल ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन अजमेर पुष्कर में 21 से 23 मार्च तक किया गया। जिसमें धौलपुर की खिलाड़ी गुंजन कुमारी ने जो कि वर्तमान में राजस्थान पुलिस में कार्यरत है। कांस्य पदक हासिल कर अपने जिले का नाम रोशन किया। राजस्थान पुलिस की कांस्टेबल गुंजन कुमारी की सफलता पर जिला पुलिस अधीक्षक ने बधाई दी। एसडीएम हॉस्पिटल के डॉक्टर कुलदीप सिंघल ने कहा कि खेलों से शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास भी होता है इसलिए बच्चों को हमेशा पढ़ाई के साथ-साथ शारीरिक अभ्यास भी करते रहना चाहिए। खिलाड़ियों के धौलपुर आगमन पर टाइगर मार्शल आर्ट्स संस्थान के अध्यक्ष शिवशंकर गर्ग व कोषाध्यक्ष देवी प्रसाद व वूशु कोच सुरेश कुमार ने खिलाड़ियों का माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर सीनियर खिलाड़ी रामकेश गुर्जर विनीत शर्मा, हिमांशु झा, पीयूष, जयप्रकाश, विकास बघेला आदि मौजूद रहे।

## आदित्य स्कूल के वंश और शुभी ने टील्स स्पेलिंग बी प्रतियोगिता में किया कमाल

जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net



**भीलवाड़ा।** भाषा कौशल और आत्मविश्वास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से टील्स एजुकेशन द्वारा विद्यार्थियों के लिए 'टील्स स्पेलिंग बी प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता विशेष रूप से अंग्रेजी वर्तनी सुधारने और छात्रों में भाषा के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए आयोजित की गई थी।

इस प्रतियोगिता का पहला चरण आदित्य विद्या विहार स्कूल, बापूनगर में संपन्न हुआ, जिसमें यूकेजी से कक्षा 5वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान छात्रों ने अपनी प्रतिभा और कठिन शब्दों की स्पेलिंग को सही ढंग से पहचानने की दक्षता का प्रदर्शन किया। इस स्पर्धा में वंश मालव और शुभी मोदी ने शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर कुंदन मीना और हर्षवर्धन सिंह रहे, जबकि देवांशी और स्नेह कँवर ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के विजेताओं को टील्स एजुकेशन की ओर से प्रमाण पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ने विजयी छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता बच्चों की बौद्धिक क्षमता को निखारने और उनकी भाषा दक्षता को मजबूत करने में सहायक होती हैं। टील्स एजुकेशन की दिव्यांशी शुक्ला ने जानकारी दी कि भविष्य में भी ऐसे शैक्षणिक आयोजनों की योजना बनाई जा रही है, जिससे छात्रों को अपने ज्ञान और आत्मविश्वास को बढ़ाने का अवसर मिलता रहे।

## यूईएम ने इंफोसिस फाउंडेशन की अध्यक्ष सुधा मूर्ति को मानद उपाधि प्रदान की

जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net



**जयपुर/चौमूं।** यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम), जयपुर द्वारा 10वां दीक्षांत समारोह आयोजित कर इंजीनियरिंग, प्रबंधन, फिजियोथेरेपी और कंप्यूटर एप्लीकेशन जैसे विषयों में स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी कार्यक्रमों के 300 से अधिक स्नातकों को उनकी डिग्री प्रदान की गई साथ ही 3 विद्वानों को पीएचडी और 14 छात्रों को स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया गया। कुल मिलाकर 361 डिग्रीयां प्रदान की गईं।

आयोजन में यूनिवर्सिटी के वाईस चांसलर प्रो डॉ बिस्वेजॉय चटर्जी द्वारा इंफोसिस फाउंडेशन की अध्यक्ष सुधा मूर्ति को मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गयी। सुधा मूर्ति एक भारतीय लेखिका, परोपकारी और सामाजिक कार्यकर्ता हैं। वह इंफोसिस फाउंडेशन की अध्यक्ष हैं और उन्होंने विभिन्न धर्मार्थ और शैक्षिक पहलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

19 अगस्त, 1950 को कर्नाटक, भारत में जन्मी सुधा मूर्ति टाटा इंजीनियरिंग एंड लोकोमोटिव कंपनी (TELCO) की पहली महिला इंजीनियरों में से एक थीं। उन्होंने अंग्रेजी और कन्नड़ में कई किताबें लिखी हैं, जिनमें बच्चों की किताबें, उपन्यास, लघु कथाएँ और यात्रा वृत्तांत शामिल हैं। उनकी रचनाएँ अक्सर सामाजिक मुद्दों, भारतीय संस्कृति और मानवीय मूल्यों पर प्रकाश डालती हैं। अपने साहित्यिक योगदान के अलावा, सुधा मूर्ति को शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और ग्रामीण विकास में उनके परोपकारी कार्यों के लिए व्यापक रूप से जाना जाता है। उन्हें भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक पद्म श्री सहित कई पुरस्कार मिले हैं। उनकी सरल लेकिन प्रभावशाली कहानी कहने की कला और समाज सेवा के प्रति समर्पण उन्हें भारत और उसके बाहर एक प्रेरक व्यक्ति बनाता है।

### शिवगंज प्रधान प्रतिनिधि देवड़ा ने प्रधानमंत्री व सांसद का जताया आभार

## सिरोही में केंद्रीय विद्यालय खुलने की प्रक्रिया शुरू

जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net



**सिरोही।** सिरोही में केंद्रीय विद्यालय की स्वीकृति के बाद उसकी शीघ्र शुरुआत को लेकर केंद्रीय टीम ने सिरोही में जगह का निरीक्षण किया। इस मौके पर शिवगंज प्रधान प्रतिनिधि विशन सिंह देवड़ा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सिरोही जालौर सांसद लुंबाराम चौधरी का आभार जताया और इसे सिरोही केलिए बड़ी उपलब्धि बताया।

ज्ञात हो कि जुलाई 2025 से केंद्रीय विद्यालय सिरोही में ओल्ड बिल्डिंग विद्यालय भवन के पिछले भाग में जो भवन है उसमे शुरू किया जाएगा। बीते कल केंद्रीय टीम ने सांसद लुम्बाराम चौधरी, ADM दिनेश राय, SDM, तहसीलदार व मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी आदि के साथ इस भवन को देखा और नए भवन के लिए मांडवा रोड, अनादरा रोड पर सरकारी भूमि जो उपलब्ध है उसका निरीक्षण किया। केंदीय विद्यालय हेतु नया भवन कहा बनेगा उस हेतु भूमि का अंतिम रूप से चयन केंदीय टीम अपने तय मापदंडों के आधार पर करेगी।

उल्लेखनीय है कि आजादी के बाद पहली बार पिछड़े जिले में केंद्रीय विद्यालय खोलने के लिए तय मापदंडों में शिथिलता प्रदान करते हुए डबल इंजन सरकार ने यह बड़ा तोहफा सिरोही को दिया है जिसके लिए प्रधान प्रतिनिधि ने प्रयास करने वाले सभी को धन्यवाद और जिले वासियों को बधाई दी है।

### नवाचारी किसान

# धोरों के बीच पनपाई अंजीर

जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net



**रावतसर @ डालू जाखड़।** दक्षिण भारत और अफगानिस्तान में थोक मात्रा में पैदा होने वाली अंजीर अब बाड़मेर बालोतरा के रेतीले धोरों और बंजर, पथरीली धरती को भी रास आने लगी है। और बंपर पैदावार से किसान मालामाल हो रहे हैं।रेत के समुंदर में दिखने वाला यह नजारा किसी कश्मीर से कम नजर नहीं आता। जी हां। ऐसा ही कमाल का कार्य कर दिखाया है बाड़मेर के प्रगतिशील किसान अमरसिंह पोटलिया ने। हालांकि अमरसिंह पोटलिया सरकारी कर्मचारी हैं लेकिन कृषि कार्य और नए नए प्रयोग इनकी हॉबी है। सिंह ने बताया कि मैंने आज से चार साल पहले ग्राम पंचायत कमठाई के राजस्व ग्राम नई कमठाई में हॉर्टिकल्चर विभाग की मदद से बरसाती पानी को एकत्रित करने के लिए एक बड़े डैम (डिग्गी) का निर्माण करवाया था। उसके बाद अंजीर, खजूर, शोभा खेजड़ी के पौधे लगाने के साथ साथ जीरा और ईसब की खेती प्रारंभ की। प्रथम साल से ही जीरा और ईसब की अच्छी पैदावार प्राप्त हो रही है। बोने के तीन साल से अंजीर बढ़िया पैदावार दे रही है। इस साल खजूर के भी फुटान आई है। शोभा खेजड़ी भी अच्छी मात्रा में सागरी दे रही है।

### 2018 में शुरुआत, सालाना आठ से दस लाख कमाई

अतिरिक्त विकास अधिकारी एवं प्रगतिशील किसान अमरसिंह ने बताया कि मेरा पैतृक खेत नई कमठाई में सरकारी ओरण, गोचर जमीन के ढलान की ओर सटा हुआ है। वर्षा के समय मेरे खेत में से जगह जगह नाले बहने से पूरा खेत बेकार हो गया था। जमीन पथरीली होने से जगह जगह पत्थर निकल गए थे। वर्ष 2018 में मैंने हॉर्टिकल्चर विभाग से डिगी निर्माण के लिए संपर्क किया। आवेदन करने के बाद फिजीबिलिटी को देखकर हम लोगों को 20 लाख का अनुदान स्वीकृत किया गया। इस नवसार हेतु मैंने कहीं से भी कोई ट्रेनिंग तो नहीं ली लेकिन शुरू से ही मुझे पेड़ पौधे लगाने और प्रकृति से प्रेम और संरक्षण के लिए ये कार्य प्रारंभ किया। इस प्रोजेक्ट पर अनुदान के अतिरिक्त मुझे करीब 40 लाख का खर्चा आया। वो मैंने केसीसी, उधारी और कुछ जमा पूंजी से लगाया। मुझे बागवानी और बारानी खेती से प्रति वर्ष 7-8 लाख रुपए की इनकम हो जाती है। मैं 4-5 लोगों को रोजगार भी दे रहा हूं।


## घर मंगवाये जागरूक जनता

**सदस्यता फार्म** दिनांक ....................

**जागरूक जनता हिन्दी अखबार एक उद्देश्य, एक मिशन, एक विश्वास के साथ आमजन की समस्याएं, वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य, सांस्कृतिक गलियारा, भौगोलिक दृष्टिकोण को एक-दूसरे से साझा करने के लिए एक सेतु का काम कर रहा है। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिकतम एवं तकनीकी जानकारी पहुंचाकर शहरी एवं ग्रामीण विकास को प्रोत्साहित कर रहा है। जागरूक जनता समय-समय पर भिन्न-भिन्न विषयों के साथ- अपने पाठकों के बीच उपस्थित रहता है।**

सदस्यता राशि

☐ एक वर्ष रु. 250/- ☐ दो वर्ष रु. 450/- ☐ तीन वर्ष रु. 600/- ☐ पांच वर्ष रु. 1000/-

डाक से नियमित रुप से निम्न पते पर जागरूक जनता भेजने के लिए डिमान्ड ड्राफ्ट/मनीऑर्डर जागरूक जनता के नाम भेज रहा हूं। फोन-पे, पेटीएम-9829329070

नाम / संस्था का नाम ....................

पता : ....................

....................

फोन .................... पिन कोड ☐☐☐☐☐☐

राशि (रुपए) .................... बैंक का नाम ....................

डिमान्ड ड्राफ्ट / मनीऑर्डर क्रमांक ☐☐☐☐☐☐ (डीडी/एमओ जागरूक जनता के नाम भेजें)

• सदस्यता रजिस्ट्रेशन क्रं. ....................रसीद क्रं. ....................

दिनांक .................... हस्ताक्षर

सदस्यता हेतु लिखे प्रसार प्रभारी →

जागरूक जनता
सकारात्मक हिन्दी अखबार
बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर (राज.) मो.- 9829329070, 9928022718


स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886



**जयपुर @ जागरूक जनता।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी एवं मंत्री के.के बिश्नोई ने बाड़मेर में अन्य नेताओं के साथ सड़क किनारे पिया गन्ने का जूस। मुख्यमंत्री ने अचानक सड़क पर गन्ने के ज्यूस की रेहड़ी देखकर काफिले को रुकवाया। इस दौरान यहां के स्थानीय लोगो एवं ज्यूस बनाने वालों मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने चर्चा की। गन्ने के ज्यूस का भुगतान सीएम की ओर से डीजिटल किया गया।

## दिल्ली सरकार का एक लाख करोड़ रुपए का बजट पेश

**नई दिल्ली @ जागरूक जनता।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए दिल्ली सरकार का एक लाख करोड़ रुपए का बजट पेश किया। इस बजट में यमुना नदी की सफाई, महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण, बुनियादी ढांचे का विकास, जल आपूर्ति और कनेक्टिविटी जैसे कुल 10 प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। सरकार का उद्देश्य दिल्ली को आत्मनिर्भर और समावेशी बनाना है, जिसमें समाज के हर वर्ग को ध्यान में रखकर योजनाएं तैयार की गई हैं। दिल्ली बजट 2025 में सबसे अहम घोषणा गरीब और मध्यम वर्ग की कामकाजी महिलाओं को ध्यान में रखते हुए की गई। मुख्यमंत्री ने बताया कि कामकाजी महिलाओं को बच्चों की देखरेख के लिए घर से बाहर निकलते समय जिन समस्याओं का सामना करना पड़ता है, उन्हें दूर करने के लिए सरकार ने 'राष्ट्रीय क्रैच योजना' के तहत 500 नए पालना (क्रैच) आंगनवाड़ी केंद्र खोलने का फैसला लिया है। इस योजना के अंतर्गत महिलाएं अपने छोटे बच्चों को इन केंद्रों में सुरक्षित छोड़कर निश्चिंत होकर काम पर जा सकेंगी।

## उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने राष्ट्रीय राजमार्ग पचपदरा-बागुंडी खण्ड का किया निरीक्षण



**बालोतरा/ जयपुर @ जागरूक जनता।** उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मंगलवार को बालोतरा जिले में निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग-25 के पचपदरा बागुंडी खण्ड का निरीक्षण किया। इस दौरान काम की धीमी गति को लेकर उप मुख्यमंत्री ने नाराजगी जताते हुए ठेकेदार, अधीक्षण अभियंता एवं अधीशाषी अभियंता एनएच वृत जोधपुर को नोटिस देने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य अभियंता एनएच को आगामी 15 दिन में उक्त सड़क मार्ग की वास्तविक रिर्पोट को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय राजमार्ग-25 के पचपदरा बागुंडी खण्ड (लम्बाई 22किमी) का निर्माण कार्य वर्ष 2022 में शुरू हुआ था जो कि दिसम्बर 2024 में पूरा किया जाना था। उक्त मामले में मार्च 2025 तक का एक्सटेंसन मिलने के बावजूद भी लगभग 60 प्रतिशत निर्माण कार्य ही पूरा करवाया गया है। उपमुख्यमंत्री ने मुख्य अभियंता एनएच को जल्द से जल्द इस कार्य को पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा करवाने के निर्देश दिए।

## भारत और चीन के बीच बीजिंग में 'पॉजिटिव' माहौल में हुई डिप्लोमेटिक टॉक

**नई दिल्ली @ जागरूक जनता।** भारत, चीन के बीच बीजिंग में 'सकारात्मक और रचनात्मक' माहौल में कूटनीतिक वार्ता हुई। विदेश मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी। बता दें कि चीन की राजधानी बीजिंग में आज भारत-चीन सीमा मामलों पर परामर्श एवं समन्वय के लिए कार्य तंत्र (डब्लूएमसीसी) की 33वीं बैठक आयोजित की गई। इसमें भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संयुक्त सचिव (पूर्वी एशिया) गौरांगलाल दास ने किया और चीनी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व चीनी विदेश मंत्रालय के सीमा एवं महासागरीय मामलों के विभाग के महानिदेशक हांग लियांग ने किया। इस दौरान भारत और चीन ने अगली विशेष प्रतिनिधि बैठक के लिए पर्याप्त तैयारी करने पर सहमति जताई।





HBOT जीवन रक्षक प्रणाली द्वारा इलाज
ऑक्सीजन (प्राणवायु) ट्रीटमेंट

- »मस्तिष्क चोट, पक्षाघात/लकवा
- »सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म
- »असाध्य घाव/शुगर के घाव
- »कैंसर (रेडियो थेरेपी) के साईड इफेक्ट
- »अचानक बहरापन (Hearing Loss)
- »डाईबेटिक फुट में अम्पुटेशन (पैर कटने) से बचाव


अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-
98290-17133, 70737-77133
9983317133
डॉ. हिमांशु अग्रवाल M.B.B.S. M.D.

नेशनल हायपरबैरिक रिसर्च सेन्टर
594-B-C, जेम्स कॉलोनी, सैक्टर-3, मंदिर मोड़, विद्याधर नगर, जयपुर

Dept. of Hyperbaric Medicine
Fortis Escorts Hospital
JLN Marg, Malviya Nagar, Jaipur

E-mail : hbotjaipur@gmail.com
www.nationalhbot.in





संपादक : ज्ञानेन्द्र मिश्रा मो.-9829329070, फोन : 0141-3587886, ईमेल : jagrukjantanews@gmail.com (सभी मामलों का न्याय क्षेत्र जयपुर) * पीआरबी एक्ट के तहत खबर चयन के जिम्मेदार। संपादकीय कार्यालय : 180, जे.पी. कॉलोनी, मैन आपीए रोड, 16 नं. बस स्टैण्ड, विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302039

### राजस्थान दिवस कार्यक्रम श्रृंखला-बाड़मेर में राज्यस्तरीय महिला सम्मेलन

# नारी का सम्मान समाज और देश-प्रदेश के विकास की पहली सीढ़ी-मुख्यमंत्री शर्मा

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारे देश और प्रदेश का इतिहास वीरता और त्याग से भरा हुआ है। कालीबाई भील, रानी पद्मिनी, मीराबाई, पन्नाधाय और अमृता देवी जैसी महान महिलाओं ने अपनी शक्ति, सामर्थ्य और दृढ़ संकल्प का परिचय देकर अप्रतिम उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। उन्होंने कहा कि परिवार की नींव को मजबूत करने वाली महिलाएं हमारे समाज की धुरी हैं। हमारी डबल इंजन की सरकार महिलाओं के उत्थान एवं कल्याण के लिए कृतसंकल्पित होकर कार्य कर रही है और आधी आबादी को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बना रही है।

शर्मा मंगलवार को बाड़मेर के आदर्श स्टेडियम में राजस्थान दिवस समारोह के तहत आयोजित महिला सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गौरवशाली सनातन संस्कृति को सम्मान देते हुए इस बार राजस्थान दिवस अंग्रेजी कलैण्डर के स्थान पर भारतीय पंचाग की तिथि नव संवत चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (30 मार्च) को मनाया जा रहा है। इसी दिन सरदार वल्लभभाई पटेल ने रियासतों को मिलाते हुए राजस्थान की स्थापना की थी। इस वर्ष भी रेवती नक्षत्र इंद्रयोग का वही संयोग बन रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में नारी को नारायणी का दर्जा प्राप्त है। नारी का सम्मान समाज और देश-प्रदेश के विकास की पहली सीढ़ी है, इसीलिए राजस्थान दिवस समारोह का पहला कार्यक्रम हमने मातृशक्ति को समर्पित किया है। मुख्यमंत्री शर्मा ने महिला सम्मेलन में विभिन्न योजनाओं की चयनित लाभार्थियों से संवाद किया और योजनान्तर्गत देय सहायता से लाभान्वित किया। मुख्यमंत्री ने अति कुपोषित बच्चों के लिए टेक होम राशन में दूध 15 ग्राम से 25 ग्राम देने हेतु दिशा-निर्देश जारी किए। महिला समूहों को लगभग 100 करोड़ रुपये की आजीविका संवर्धन निधि का हस्तान्तरण और 5 हजार महिलाओं को इंडेक्शन कुक टॉप का वितरण किया गया। साथ ही, उन्होंने स्वामी विवेकानन्द स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस के अंतर्गत 164 छात्राओं को चयन पत्र का वितरण किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की महिलाओं को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के लिए दिल्ली के बीकानेर हाउस में राजीविका मेला शुरू किया गया है। शर्मा ने गार्गी पुरस्कार, बालिका प्रोत्साहन एवं मुख्यमंत्री हमारी बेटियां योजना के अन्तर्गत 31 हजार 790 बालिकाओं को 13.16 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने बजट में विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी के लिए राजकीय महाविद्यालयों के पुस्तकालयों में अध्ययन की सुविधा उपलब्ध कराने की घोषणा की थी। इसी क्रम में हमने आज विभिन्न जिलों के 36 महिला महाविद्यालयों में ये सुविधा प्रारंभ की है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बर्तन बैंक योजना और सोलर दीदी के दिशा-निर्देश भी जारी किए।

#### प्रधानमंत्री ने महिला सशक्तीकरण के लिए किए अभूतपूर्व निर्णय

मुख्यमंत्री ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में केन्द्र एवं राज्य की सरकारों ने महिला कल्याण के लिए अभूतपूर्व निर्णय किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की पहल पर नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण का प्रावधान कर उनका सशक्तीकरण किया है। साथ ही, तीन तलाक के खिलाफ सख्त कानून बनाकर मुस्लिम बहनों का जीवन भी तबाह होने से बचाया है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान संचालित कर, बैंक खाते खुलवाकर, उज्ज्वला सिलेंडर देकर तथा जल जीवन मिशन के जरिए गांव-गांव में नल से जल पहुंचाकर प्रधानमंत्री ने महिलाओं को बड़ी राहत दी है।

#### 1 करोड़ 10 लाख परिवारों को 200 करोड़ की राशि का हस्तांतरण

**शर्मा** ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों को रोकने के लिए हमने सरकार बनते ही सबसे पहले एंटी रोमियो स्क्वॉड का गठन किया। साथ ही, बालिकाओं को शिक्षा एवं संबल उपलब्ध कराने के लिए लाडो प्रोत्साहन योजना लागू की। अब इसके तहत गरीब परिवार की बालिकाओं के जन्म पर एक लाख के स्थान पर डेढ़ लाख रुपये का सेविंग बॉण्ड मिलेगा। आज कार्यक्रम में 30 हजार लाभार्थियों को 7.50 करोड़ रूपये की सहायता प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार जरूरतमंद महिलाओं को 450 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर उपलब्ध करवा रही है। आज हमने 1 करोड़ 10 लाख परिवारों को 200 करोड़ की राशि का हस्तांतरण किया है।

#### बालिकाओं को 5 हजार स्कूटियों का वितरण

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि राज्य सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं तथा साथिन बहनों के मानदेय में 10 प्रतिशत बढ़ोतरी भी की है। वहीं अब लखपति दीदी की श्रेणी में आने वाली स्वयं सहायता समूह की सदस्यों को ढाई प्रतिशत के बजाय डेढ़ प्रतिशत ब्याज दर पर एक लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज देवनारायण छात्रा स्कूटी एवं प्रोत्साहन राशि योजना तथा कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना के तहत 5 हजार स्कूटी एवं प्रोत्साहन राशि का वितरण किया गया है।

## दो दिवसीय 'राजस्थान आईटी दिवस 2025' का आयोजन 27-28 मार्च को

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग की ओर से 'राजस्थान आईटी दिवस 2025' का आयोजन 27-28 मार्च को जयपुर स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में किया जाएगा। यह दो दिवसीय आयोजन राज्य में नवाचार, प्रौद्योगिकी और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए विस्तृत मंच प्रदान करेगा।

**मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ की गरिमामय उपस्थिति में आयोजित होगा समारोह**

कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं, स्टार्टअप्स, निवेशकों, कॉर्पोरेट्स, भागीदारों, शैक्षणिक संस्थानों और सरकारी प्रतिनिधियों के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करना है। सूचना प्रौद्योगिकी और संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ की गरिमामय उपस्थिति में आयोजित होने वाले इस आयोजन में 4 हजार से अधिक प्रतिभागियों के शामिल होने की उम्मीद है, जिसमें गणमान्य अतिथियों के साथ ही उद्योग संगठन, स्टार्टअप सीईओ और संस्थापक, मशहूर हस्तियां और देशभर से स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के प्रतिभागी शामिल होंगे। सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग की शासन सचिव एवं आयुक्त अर्चना सिंह ने बताया कि राजस्थान आईटी दिवस 2025 राज्य के डिजिटल परिवर्तन और तकनीकी विकास की यात्रा में महत्वपूर्ण कदम होगा। यह आयोजन राजस्थान को डिजिटल उद्यमिता और तकनीकी प्रगति के केंद्र के रूप में स्थापित करेगा। यह न केवल प्रौद्योगिकी विकास को गति देगा, बल्कि युवाओं को नवाचार के लिए भी प्रेरित करेगा।

## बस्सी के हरड़ी हरध्यानपुरा में अवैध खनन, 5 मशीन सहित 14 वाहन जब्त

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**जयपुर।** माइन्स विभाग की जयपुर टीम ने मंगलवार को तड़के अवैध खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बस्सी तहसील के हरड़ी हरध्यानपुरा, दयारामपुरा में 3 एक्सक्वेटर मशीन, 1 डंपर, 2 कम्प्रेशर व 8 ट्रेक्टर ट्राली सहित 14 वाहन मशीनरी जब्त कर संबंधित पुलिस थाना में सुपुर्द किया है। खान विभाग जयपुर ने अधीक्षण खनि अभियंता एनएस शक्तावत एवं अधीक्षण खनि अभियंता सतर्कता प्रताप मीणा के निर्देशन में एमई जयपुर श्याम कापड़ी की टीम ने एक मार्च, 25 से अब तक करीब 65 वाहन मशीनरी जब्त करने के साथ ही 25 लाख 79 हजार से अधिक की जुर्माना राशि भी वसूल कर ली है। खनि अभियंता जयपुर श्याम कापड़ी ने बताया कि खनि कार्यदेशक अरुण कुमार, जैद अली, विश्राम मीणा, सोनू अवस्थी व सुधीर कुमार, राजकुमार मय बॉर्डर होमगार्ड की टीम द्वारा मंगलवार तड़के निजी वाहनों का उपयोग करते हुए इस अभियान को अंजाम दिया। कापड़ी ने बताया कि अवैध खनन कर्ताओं को कार्रवाई की किसी तरह भनक नहीं लग सके इसी को ध्यान में रखते हुए निजी कार्रवाई के दौरान टीम द्वारा निजी वाहनों का उपयोग किया और इसी का परिणाम रहा कि तड़के अवैध खनन के खिलाफ इतनी बड़ी कार्रवाई संभव हो सकी।

## धौलपुर में एसीबी ने रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़े गए समाज कल्याण विभाग के दो बाबू

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net



**धौलपुर।** जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ एसीबी की बड़ी कार्रवाई देखने को मिली है। समाज कल्याण विभाग में छापा मारकर दो बाबुओं को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया है। एसीबी की टीम ने इन बाबुओं के कब्जे से 1500 रुपये की रिश्वत राशि बरामद की है।

एसीबी अधिकारी सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री स्कूटी वितरण योजना के तहत चार माह पहले एक दिव्यांग को स्कूटी दी गई थी। लेकिन स्कूटी के कागज देने के नाम पर समाज कल्याण विभाग के बाबू अभिषेक शर्मा और शैलेंद्र सिंह ने दिव्यांग से 2000 रुपये की रिश्वत मांगी। दिव्यांग ने इस मामले की शिकायत एसीबी को दी जिसके बाद सत्यापन कर टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। हमें शिकायत मिली थी कि समाज कल्याण विभाग के दो कर्मचारी रिश्वत मांग रहे हैं। सत्यापन के बाद हमने छापेमारी की और दोनों को 1500 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद जब एसीबी टीम ने ऑफिस की तलाशी ली तो एक डायरी से 7500 रुपये की नगदी भी बरामद हुई। फिलहाल दोनों आरोपियों से पूछताछ जारी है और उन्हें जल्द ही कोर्ट में पेश किया जाएगा।

### राज्य स्तरीय अन्त्योदय कल्याण समारोह भरतपुर में होगा आयोजित

# मुख्यमंत्री समारोह में प्रदेशभर के लाभार्थियों से संवाद कर विभिन्न कार्यक्रमों का करेंगे सूत्रपात

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net



**भरतपुर।** राजस्थान दिवस के कार्यक्रमों की श्रृंखला में आयोजित राज्य स्तरीय अन्त्योदय कल्याण समारोह में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के 27 मार्च को भरतपुर में प्रस्तावित दौरे एवं समारोह की तैयारियों की समीक्षा बैठक वीसी के जरिये अतिरिक्त मुख्य सचिव पंचायतीराज श्रीमती श्रेया गुहा ने ली जिसमें जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव सहित संबन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

एसीएस ने प्रस्तावित समारोह के दौरान किये जाने वाले कार्यक्रमों को समय पर गुणवत्ता के साथ सभी विभागों को पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि भरतपुर में 27 मार्च को अन्त्योदय कल्याण समारोह का राज्य स्तरीय कार्यक्रम प्रस्तावित है, जिसमें माननीय मुख्यमंत्री का आगमन प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि अन्त्योदय कल्याण समारोह में विभिन्न विभागों के लाभार्थियों को मौके पर लाभान्वित किया जाकर माननीय मुख्यमंत्री प्रदेशभर के लाभार्थियों से संवाद भी करेंगे।

जिला कलक्टर डॉ. यादव ने समारोह की जिला स्तर पर की जा रही तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस परेड ग्राउंड में समारोह आयोजित किया जायेगा। जिसमें सभी विभाग लाभार्थियों को सूचीबद्ध कर उन्हें समारोह स्थल तक लाने एवं ले जाने की व्यवस्था करेंगे। उन्होंने जिले के अधिकारियों को समारोह स्थल पर योजनाओं की ब्रांडिग से लेकर अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, लाभार्थियों के बैठने एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार योजनाओं के प्रदर्शन की सभी व्यवस्थाऐं समय पर गुणवत्ता के साथ पूरी करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद मृदुलसिंह, आयुक्त बीडीए प्रतीक जुईकर, अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा, शहर राहुल सैनी, सीओ सिटी पंकज यादव, एसीईओ जिला परिषद विनय मित्र, आयुक्त नगर निगम श्रवण विश्नोई सहित संबन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

समारोह में ग्रामीण विकास विभाग की पं. दीनदयाल उपाध्याय गरीब मुक्त ग्राम योजना के मार्गदर्शिका का विमोचन किया जायेगा। समारोह में मुख्यमंत्री थार सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम के मार्गदर्शिका का विमोचन किया जायेगा।

**समारोह में ये होंगे कार्य**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भरतपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में वर्चुवली जुडकर सभी जिलों में लाभार्थियों से संवाद कर सरकार की योजनाओं के लाभ से जीवन में आये बदलाव की जानकारी लेकर उनसे रूबरू होंगे। समारोह में जल संसाधन मंत्री एवं जिला प्रभारी सुरेशसिंह रावत, गृह राज्यमंत्री जवाहरसिंह बेढ़म, जिले के जनप्रतिनिधि, अधिकारी, लाभार्थी भाग लेंगे।

### सृजन कला प्रदर्शनी का भव्य उद्घाटन

# किसी भी प्रदेश की कला और संस्कृति वहां की कलाकृतियों में जीवंत- जैन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** राजस्थान पर्यटन दिवस उत्सव की श्रृंखला में राजस्थान पर्यटन विभाग एवं इंडियन चैम्बर ऑफ कॉमर्स, राजस्थान चैप्टर द्वारा आयोजित सामूहिक कला प्रदर्शनी सृजन का मंगलवार को जवाहर कला केंद्र की अलंकार गैलरी में शुभारंभ हुआ।

पर्यटन विभाग के शासन सचिव रवि जैन ने मुख्य अतिथि के रूप में इस प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।उनके साथ गुजरात स्थित रणछोड़दास मंदिर के मुख्य ट्रस्टी राजाराम जी, इंडियन चैम्बर ऑफ कॉमर्स राजस्थान चैप्टर की अध्यक्ष जयश्री पेडीवाल एवं प्रदेश के ख्यातनाम कलाकारों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर रवि जैन ने प्रदर्शनी में शामिल कलाकृतियों को सराहा और कहा कि किसी भी प्रदेश की कला और संस्कृति वहां की कलाकृतियों में जीवंत होती है। उन्होंने कहा कि "सृजन" कला प्रदर्शनी में राजस्थान की समृद्ध कला, आध्यात्मिकता और परंपराओं की अनूठी झलक देखने को मिलेगी। इंडियन चैम्बर ऑफ कॉमर्स, राजस्थान चैप्टर की अध्यक्ष जयश्री पेडीवाल ने इस अवसर पर कहा कि पर्यटन विभाग और इंडियन चैम्बर ऑफ कॉमर्स का यह संयुक्त प्रयास राजस्थान की कला-संस्कृति को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण कदम है।



# चिकित्सा मंत्री ने विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों की समीक्षा की, आगामी गर्मी में चिकित्सा संस्थानों में पुख्ता प्रबंधन के दिए निर्देश

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net



**जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि आगामी गर्मी को देखते हुए प्रदेश के चिकित्सा संस्थानों में जांच, दवा एवं उपचार के पुख्ता प्रबंध किए जाएं। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि सभी जिलों में गर्मी के दृष्टिगत समुचित व्यवस्थाएं हों। सब सेंटर से लेकर जिला अस्पताल तक एवं मेडिकल कॉलेजों से जुड़े अस्पतालों में दवाओं और उपचार की व्यवस्थाओं में कोई कमी नहीं रहे।

खींवसर मंगलवार को स्वास्थ्य भवन में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में विभागीय गतिविधियों, योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए समय रहते आवश्यक कदम उठाए जाएं। सभी अस्पतालों में वाटर कूलर, एसी, पंखे आदि की पर्याप्त उपलब्धता हो तथा आवश्यकतानुसार इनके मेंटीनेंस का कार्य जल्द करवाया जाए।

### जहां दुर्घटनाएं अधिक, वहां प्राथमिकता से उपलब्ध हों एम्बुलेंस

चिकित्सा मंत्री ने कहा कि दुर्घटना में होने वाली मौतें चिंता का विषय है। समय पर उपचार मिलने पर इन मौतों की संख्या को कम किया जा सकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि परिवहन एवं अन्य संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर अधिक दुर्घटना वाले स्थानों को चिन्हित करते हुए वहां एम्बुलेंस वाहनों की प्राथमिकता से उपलब्धता सुनिश्चित करें, ताकि घायलों को जल्द से जल्द उपचार मिल सके। उन्होंने डार्क जोन में आवश्यकतानुसार एम्बुलेंस उपलब्ध करवाने पर विशेष जोर दिया।

### मा योजना में इंटर स्टेट पोर्टेबिलिटी जल्द लागू करें

खींवसर ने कहा कि मा योजना गरीब एवं जरूरतमंद वर्गों के लिए जीवनदायी योजना है। इस योजना का दायरा सरकार लगातार बढ़ा रही है। विभागीय अधिकारी सुनिश्चित करें कि राजकीय अस्पतालों के साथ ही निजी अस्पतालों में योजना के तहत आमजन को सुगमता से उपचार मिले। उन्होंने योजना में इंटर स्टेट पोर्टेबिलिटी जल्द से जल्द लागू किए जाने एवं नए पैकेज भी शीघ्र शामिल करने के निर्देश दिए।

### अधिकारी नियमित रूप से करें फील्ड विजिट

चिकित्सा मंत्री ने कहा कि चिकित्सा संस्थानों में स्वास्थ्य सेवाओं के समय–समय पर निरीक्षण की दृष्टि से अधिकारी नियमित रूप से फील्ड विजिट करें। उन्होंने निर्देश दिए कि राज्य स्तर के साथ ही संभाग एवं जिला स्तर के अधिकारी नियमित रूप से फील्ड विजिट के लिए जाएं और चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण कर रिपोर्ट भिजवाएं, ताकि चिकित्सा सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए जरूरी कदम उठाए जा सकें।

### गांव–गांव तक हो कैंसर स्क्रीनिंग


खींवसर ने कैंसर से होने वाली मौतों पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि गांव–कस्बों में जागरूकता के अभाव में समय पर स्क्रीनिंग नहीं होने से महिलाओं की ओरल, ब्रेस्ट एवं सर्वाइकल कैंसर से मौत हो जाती है। कैंसर से होने वाली मौतों पर प्रभावी रोकथाम के लिए विभाग स्क्रीनिंग का दायरा निरंतर बढ़ाए। मोबाइल कैंसर वैन एवं शिविरों के माध्यम से गांव–गांव तक कैंसर की स्क्रीनिंग की जाए। संभावित रोगियों की जांच कर उन्हें समय पर उपचार उपलब्ध करवाया जाए।

### बड़े अस्पतालों में जल्द लागू करें क्यू मैनेजमेंट सिस्टम

चिकित्सा मंत्री ने आमजन को अस्पतालों में कतारों से मुक्ति दिलाने के लिए पायटल प्रोजेक्ट के रूप में कांवटिया अस्पताल में शुरू किए गए क्यू मैनेजमेंट सिस्टम की सराहना करते हुए इसे अन्य बड़े अस्पतालों में भी जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन को शुद्ध आहार उपलब्ध करवाने की दृष्टि से खाद्य सुरक्षा विभाग नियमित निरीक्षण करे और आमजन को मिलावट के संबंध में जागरूक भी करे।

### मानव संसाधन का आकलन कर भर्ती के लिए उठाएं जरूरी कदम

खींवसर ने कहा कि चिकित्सा संस्थानों में मानव संसाधन की कमी को दूर करने के लिए मिशन मोड में काम किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसंख्या एवं अन्य मापदण्डों के अनुसार चिकित्सा संस्थानों में मानव संसाधन का आकलन किया जाए और भर्ती के लिए जरूरी कदम उठाए जाएं। विशेष रूप से पिछड़े क्षेत्रों में रिक्त पदों को भरने के लिए प्रयास सुनिश्चित किए जाएं। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव श्रीमती गायत्री राठौड़ ने बताया कि भर्तियों को लेकर विभाग मिशन मोड में काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों का बेहतर क्रियान्वयन करते हुए प्रदेशभर में स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आगामी गर्मी के दृष्टिगत सभी जिलों को समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में चिकित्सा शिक्षा विभाग के शासन सचिव श्री अम्बरीष कुमार, मिशन निदेशक एनएचएम श्रीमती भारती दीक्षित, चिकित्सा शिक्षा आयुक्त श्री इकबाल खान, राजस्थान स्टेट हैल्थ एश्योरेंस एजेंसी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती प्रियंका गोस्वामी, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री शाहीन अली खान, निदेशक आईईसी श्रीमती टी शुभमंगला, निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश शर्मा, निदेशक आरसीएच डॉ. सुनीत सिंह राणावत, निदेशक अराजपत्रित राकेश शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



## देवनानी ने उपराष्ट्रपति और लोकसभा अध्यक्ष से की शिष्टाचार मुलाक़ात

**देवनानी ने उपराष्ट्रपति को भेंट की नवाचारों की पुस्तक**

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने मंगलवार को एक दिवसीय दिल्ली यात्रा के दौरान संसद में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला से शिष्टाचार मुलाकात की। राजस्थान विधानसभा में एक वर्ष में किये गये नवाचारों पर आधारित पुस्तक ''राजस्थान विधान सभा में माननीय अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के नवाचारों का एक वर्ष'' की प्रति देवनानी ने उपराष्ट्रपति धनखड को भेंट की। उपराष्ट्रपति ने देवनानी द्वारा राजस्थान विधान सभा में किये गये नवाचारों की सराहना की और अन्य विधानसभाओं के लिए इन नवाचारों को प्रेरणास्त्रोत बताया। धनखड ने देवनानी को इस रचनात्मक प्रयास के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। देवनानी ने दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिवादन किया। उन्होंने बिरला से संसदीय प्रणाली और लोकतान्त्रिक मूल्यों से संबंधित विषयों पर चर्चा की।

### झाड़ियों में अचानक आग



**रामजी का गोल @ जागरूक जनता।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत पूजाबेरी खरड़ के बबूल की झाड़ियों में अचानक आग करीबन दोपहर 2 बजे के आस पास ग्रामीणों ने देखी । तब ग्रामीणों ने प्रशासन को इस घटना की जानकारी दी। आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेडियर की नगर व बाड़मेर की टीम मौके पर पहुंची तब तक आग चारों तरफ फैल चुकी थी आग इतनी भयंकर थी कि करीबन 2 से 3 किलोमीटर तक झाड़ियां जल कर राख हो गई। आग लगने के कारणो का पता नहीं चल पाया ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने के लिए हजारों कोशिश की लेकिन आग पर काबू नहीं पाया गया क्योंकि आग बुझाने का कोई संसाधन नहीं था । फायर ब्रिगेडयर टीम द्वारा आग पर 7 बजें तक आग पर काबू पाया गया । आग से कोई जन हानि नहीं हुई। रामजी का गोल चौकी पुलिस टीम, धोरीमन्ना पुलिस टीम, पटवारी, स्थानीय जन प्रतिनिधि, हजारों की संख्या में ग्रामीण रहे मौके पर मौजूद।

## कांग्रेस सरकार ने निकाय और पंचायतों के गठन में किया था अधिकारों को दुरूपयोग

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net




**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष डोटासरा के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि प्रदेश की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने अधिकारों का दुरूपयोग करते हुए निकायों का और पंचायतों का गठन कर दिया था। कांग्रेस ने जनसंख्या के अनुपात में समान वर्गीकरण नहीं किया, कहीं एक वार्ड में 500 मतदाता तो कहीं दूसरे वार्ड में 3 हजार मतदाताओं को शामिल कर दिया। कहीं किसी पंचायत में 400 मतदाता थे तो कहीं 7 हजार मतदाताओं की एक पंचायत बना दी। यह पूर्णरूप से गलत था और कांग्रेस ने जनता के साथ अन्याय किया था। ऐसे में डोटासरा को बोलने से पूर्व अपने गिरेबान में झांकना चाहिए।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि डोटासरा को अध्ययन करना चाहिए, भारत में वन नेशन वन इलेक्शन नई अवधारणा नहीं है। देश के पहले आम चुनाव भी इसी अवधारणा के साथ हुए थे लेकिन कांग्रेस ने धारा 356 का दुरूपयोग करते हुए कई राज्यों की विधानसभाओं को भंग कर दिया, लोकसभा को भंग कर दिया था। इसके बाद से अलग अलग चुनाव होने लगे। भारत ही नहीं, कई देशों में भी एक साथ चुनाव कराए जाते है। अगर भारत में एक साथ चुनाव होते है तो देश विकास के रथ पर चलेगा। देश में बार बार चुनाव और आचार संहिता से विकास बाधित होता है। इस लिए प्रधानमंत्री का प्रयास है कि एक साथ चुनाव हो, पंचायतों का पुनर्गठन हो, मतदाताओं के आधार पर परिसीमन हो। यह होगा और डोटासरा जी देखते रह जाएंगे। पंचायत चुनावों को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और चुनाव आयोग अपना अपना कार्य कर रहे है।

## मौसमी बीमारीः नियमित हो एंटी लार्वा व फॉगिंग गतिविधियां

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net



**भरतपुर।** पानी, बिजली एवं मौसमी बीमारियों संबंधी साप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इसमें पेयजल, बिजली आपूर्ति व्यवस्था एवं मौसमी बीमारियों की रोकथाम के प्रबंधो की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

बैठक में जिला कलक्टर ने मौसमी बीमारियों की रोकथाम के उपायों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि डेंगू व मलेरिया के संदिग्ध रोगियों के मिलने पर उस क्षेत्र में एंटी लार्वा व फागिंग की कार्रवाई विशेष ध्यान देकर करवाई जावे । उन्होंने चिकित्सा और नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शाम 7 बजे के बाद ही एंटी लार्वा व फागिंग की कार्रवाई की जाए। साथ ही गंदी नालियों की नियमित रूप से साफ सफाई के लिए निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि शहर में लार्वा के विकास को रोकने के लिए खाली प्लॉट में पानी के जमाव को निकासी और लार्वा रोधी दवा का छिड़काव करने के साथ अपनी टीम भेज कर लोगों को मच्छर जनित बीमारियों के प्रति जागरूक करना सुनिश्चित करें, स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों का पालन किया जाए।

उन्होंनें बजट घोषणाओं, सांसद व विधायक कोष से स्वीकृत कार्यों की प्रगति को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने लोहागढ़ स्टेडियम और जिला मुख्यालय अस्पताल में निर्माणाधीन कार्यों में प्रगति लाने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने जिला परिषद कार्यालय निकट स्थित नाले के कार्य में प्रगति लाने के लिए एवं सड़क निर्माण में भी जल्दी ही पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने महारानी श्री जया कॉलेज के निकट स्थित नाले के निर्माण कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि सुजानगंगा नहर में साफ सफाई के लिए नियमित मॉनिटरिंग की जाए, साथ ही फव्वारे नियमित संचालित रहें।



## मां कर्माबाई की जयंती पर निकाली भव्य शोभायात्रा

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**निंबाहेड़ा।** राजस्थान सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना की ओर से यहां भक्त शिरोमणि मां कर्माबाई के जयंती के अवसर पर मंगलवार को दोपहर में डांक बंगला रोड पर स्थित दशोरा चौक पर भव्य शोभायात्रा एवं कलश महोत्सव का कांग्रेसजनों द्वारा पुष्प वर्षा कर आत्मीय स्वागत अभिनंदन किया गया।

निंबाहेड़ा में यहां समस्त घाणावार तेली समाज,युवा शक्ति संगठन एवं महिला मंडल द्वारा तेली समाज की श्री कृष्ण भक्त शिरोमणि मां कर्माबाई की जयंती के अवसर पर भव्य शोभायात्रा एवं कलश महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से निकाली गई। शोभायात्रा के स्वागत अभिनंदन के क्रम में डाक बंगाल रोड पर स्थित दशोरा चौक पर राजस्थान सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना की ओर से नगर पालिका निंबाहेड़ा के निवर्तमान अध्यक्ष सुभाष चन्द्र शारदा एवं चित्तौड़गढ़ ज़िला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष एवम् युवा उद्योगपति पूरन आंजना ने शोभायात्रा के रथ में विराजित भक्त शिरोमणि मां कर्माबाई की मूर्ति पर मालार्पण कर उन्हें नमन किया तथा उपस्थित सभी घाणावार तेली समाज जनों को भक्त शिरोमणि मां कर्माबाई की जयंती पर बधाई और शुभकामनाएं दी। शोभायात्रा के स्वागत अभिनंदन के अवसर पर क्रय विक्रय सहकारी समिति अध्यक्ष गोपाललाल आंजना,नगर कांग्रेस अध्यक्ष बंशीलाल रायवाल,ज़िला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष पुरुषोत्तमलाल झंवर, चित्तौड़गढ़ ज़िला फुटबॉल संघ कोषाध्यक्ष मनोज पारख सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन, जनप्रतिनिधिगण,अग्रिम संगठनों के पदाधिकारीगण एवं गणमान्यजन इत्यादि उपस्थित थे।

## अपणो लोक उत्सव में गूंजेगी लुप्त हो रही लोक वाणियां

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**रावतसर।** रूमा देवी फाउंडेशन के सहयोग से 29 व 30 मार्च 2025 को होने वाले वाणी उत्सव से पूर्व लोक कला संरक्षण को लेकर युवा पीढ़ी को वाणी गायन से जोड़ने के लिए सेड़वा तहसील के गिड़ा गांव में 26 मार्च की शाम को अपणों लोक उत्सव का विशेष कार्यक्रम होगा जो कि गिड़ा के ग्रामीणों व कला प्रेमियों द्वारा आयोजित करवाया जा रहा हैं। जिसमें देवा राम गोदारा, रामपुरी मदावा, सुखराम, भगत व अशोक गोदारा और समस्त स्थानीय ग्रामीण इस कार्यक्रम हेतु जुटे हैं। यह आयोजन युवा पीढ़ी को लोक संस्कृति से जोड़ने व वाणी गायन के महत्व को बनाएं रखने के लिए एक विशेष मुहिम हैं ताकि युवा पीढ़ी अपनी जड़ों से जुड़ सके तथा थार की अमूल्य धरोहर को नई ऊंचाई दे सके। फाउंडेशन की प्रवक्ता अनिता व कविता कुमारी ने बताया कि यह कार्यक्रम हमारी युवा पीढ़ी को वाणी गायन के साथ थार की लोक संस्कृति से जोड़कर रखने की विशेष मुहिम हैं, इस कार्यक्रम में फाउंडेशन से जुड़े कलाकारों के साथ गिड़ा के स्थानीय लोक कलाकार भी भाग लेंगें। केलम दरिया, अशोक सहेलिया व प्रकाश खड्डू जैसे नामी कलाकार जिन्होने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी कला के माध्यम से पहचान बनाई है वो गाँवो में अन्य युवाओं को अपनी सांस्कृतिक जडो से जुड्ने हेतु प्रेरित करेगें।

रूमा देवी फाउंडेशन की निदेशक अंतर्राष्ट्रीय फैशन डिज़ाइनर व नारी शक्ति अवार्डी डॉ रूमा देवी ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम समय समय पर होने बेहद ही आवश्यक हैं ताकि हमारी लोक वाणियां सदा जीवित रहे और उनका संरक्षण होता रहे। आगे उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम वाणी उत्सव का ही एक भाग हैं। वाणी उत्सव दो दिन चलेगा जिसमें देश भर से लोक गायक बाड्मेर आएगें।

रूमा देवी ने बताया कि आगे भी ऐसे कार्यक्रमों को करवाया जाएगा और साथ ही थार के अलग अलग क्षेत्रों जिसमें ग्रामीण, धार्मिक और भौगोलिक स्थानों को ध्यान में रखते हुए करवाया जाएगा। अगले शनिवार व रविवार को बाड्मेर जिला मुख्यालय पर होने वाले वाणी उत्सव की कडी में स्थानीय प्रतिभाओ को प्रोत्साहित करने के लिए यह आयोजन साल भर अलग-अलग स्थानो पर स्थानीय युवाओ व ग्रामीणों के साथ साझी मेजबानी में आयोजित होगा।

**महिला सम्मेलन के साथ हुआ राजस्थान दिवस समारोह का भव्य आगाज**

# देश के विकास में आधी आबादी की पूरी भागीदारी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net




**जयपुर।** महिला सम्मेलन के साथ राजस्थान दिवस समारोह का भव्य आगाज हुआ। हरिश्चंद्र माथुर राजस्थान लोक प्रशासन अकादमी के भगवत सिंह महेता सभागार में जिला स्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिला प्रमुख रमा देवी चोपड़ा ने कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

इस मौके पर उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश के विकास में आधी आबादी की पूरी भागीदारी है। लाडो प्रोत्साहन योजना, कालीबाई भील मेधावी छात्राओं को स्कूटी वितरण, गार्गी पुरस्कार, बालिका प्रोत्साहन एवं मुख्यमंत्री हमारी बेटियां योजना जैसी राजस्थान सरकार की योजनाएं महिलाओं के उत्थान में कारगर साबित हो रही है। राजस्थान दिवस समारोह की कड़ी में बुधवार को किसान सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान बाड़मेर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में वीसी के माध्यम से भागीदारी सुनिश्चित की गई। राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लाड़ो प्रोत्साहन योजना के तहत लगभग 7.50 करोड रुपये की राशि का डीबीटी हस्तांतरण, महिला समूहों को लगभग 100 करोड़ रुपये की सी.आई.एफ. राशि का हस्तान्तरण, 3 हजार महिलाओं को इंडेक्शन कुक टॉप का वितरण, कालीबाई भील योजना के अन्तर्गत 5 हजार मेधावी छात्राओं को स्कूटी वितरण, गार्गी पुरस्कार, बालिका प्रोत्साहन एवं मुख्यमंत्री हमारी बेटियां योजना के अन्तर्गत 31 हजार 790 बालिकाओं को 13.16 करोड़ का डीबीटी, विवेकानन्द स्कॉलरशिप योजना के लाभान्वित मेधावी छात्राओ को स्वीकृति, 1.10 करोड़ महिला प्रमुख परिवार को 200 करोड़ रुपये की एल.पी.जी. सब्सिडी राशि का डीबीटी हस्तांतरण किया। साथ ही, अति कुपोषित बच्चों के लिए टेक होम राशन में दूध 15 ग्राम से 25 ग्राम देने हेतु दिशा-निर्देश, सोलर दीदी हेतु दिशा-निर्देश, 36 महिला महाविद्यालयों में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने हेतु पुस्तकालय उपलब्ध कराने के दिशा निर्देश, प्रथम चरण में 1000 ग्राम पंचायतों में बर्तन बैंक योजना के दिशा-निर्देश भी जारी किए। जिला स्तरीय कार्यक्रम में भी जिला प्रमुख रमा देवी चोपड़ा ने 20 मेधावी बालिकाओं को कालीबाई भील स्कूटी योजना के तहत स्कूटी की सौगात दी साथ ही 100 महिलाओं को इंडेक्शन कूकर टॉप का भी वितरण किया गया। वहीं, इस दौरान पीएम सर्य घर योजना, जयपुर पंच गौरव, जयपुर सक्षम अभियान, महिला बाल विकास विभाग सहित अन्य स्टॉल्स भी आमजन के आकर्षण का केन्द्र बनीं रहीं। कार्यक्रम में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी, जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर देवेन्द्र कुमार जैन, महिला अधिकारिता, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं बड़ी तादाद में महिलाएं मौजूद रहीं।